दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
# वेलकम इंडिया
RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 228 | बुधवार, 20 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## हिमाचल में आया भूकंप, जम्मू-कश्मीर में मरने वालों की संख्या पहुंची 66

# बादल फटने से कुल्लू-मंडी में भारी तबाही



शिमला।

प्रदेश में वर्षा, भूस्खलन व बादल फटने से काफी नुकसान हो रहा है। भुभु जोत में बादल फटने से मंडी की चौहारघाटी व कुल्लू जिला की लगवैली में बाढ़ आ गई। भुभु जोत की पहाड़ी पर बादल फटने से पानी दो भागों में बंट गया। इस आपदा से चौहारघाटी की पंचायत तरसावण, सिल्हबुधाणी के अलावा कुल्लू की लगघाटी के कड़ौण, तेलंग सहित कई गांव प्रभावित हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के चंबा में बुधवार सुबह 3:27 बजे 3.3 तीव्रता का भूकंप आया। बिलासपुर जिले के थापना में टनल नंबर दो के पास हुए भूस्खलन से कीरतपुर- नेरचौक फोरलेन हाईवे बंद हो गया है। सोमवार देर रात डेढ़ बजे सिल्हबुधाणी पंचायत के कोरतंग व कुंगड़ी नाले में आई बाढ़ से एक दुकान, पांच पैदल पुल, दो मछली फार्म व देव कपलधार गहरी मंदिर की सराय बह गई। कुल्लू की लगघाटी में आई बाढ़ में दो पुल, दो मकान, तीन दुकानें और एक बाइक बह गए। वहीं जिला किन्नौर में किन्नौर कैलास यात्रा पर गए एक और श्रद्धालु की मौत हो गई। मृतक की पहचान गौरव पुत्र दिलीप कुमार निवासी गाजियाबाद के रूप में हुई है। जिला प्रशासन ने यात्रा पर रोक लगा दी है। कुल्लू जिले की मणिकर्ण घाटी के रशोल गांव में भूस्खलन की चपेट में आने से 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई। इस बीच शाम को सात युवकों का एक दल पहले पैच में कटिंग लगभग पूरी होने की जानकारी पाकर यहां से गुजरने लगा। भूस्खलन की चपेट में आकर सुक्की गांव निवासी अरुण(29) व मनीष(24) दब गए। दोनों के शव निकाल लिए गए हैं। आपदा प्रभावित धराली और हर्षिल में जनजीवन को फिर से पटरी पर लाने के लिए सरकारी मशीनरी ने चौतरफा ताकत झोंक रखी है। इस कड़ी में हर्षिल क्षेत्र में भागीरथी नदी में बनी झील को सेना के बैकहो लोडर से चैनलाइज करने का काम शुरू हो गया है। उधर पिथौरागढ़ जिले में आधी रात के बाद मकान पर बोल्डर गिरने से बालक की मौत हो गई और मां समेत चार सदस्य घायल हो गए। अल्मोड़ा जिले के काकड़ीघाट क्षेत्र में पैर फिसलने से कोसी नदी में स्थानीय निवासी 42 वर्षीय दान च्सह बह गया। वहीं चमोली के कोठी गांव के पास पिंडर नदी में फंसी गाय को बचाने के प्रयास में एनडीआरएफ जवान सुरेंद्र नौटियाल (30) की डूबने से मौत हो गई। उनका शव बरामद कर लिया गया है। एनडीआरएफ की तरफ से और सेना की तरफ से तरह तरह के उपकरण इस्तेमाल किए जा रहे हैं। वहीं, मौसम विभाग ने कई क्षेत्रों में वर्षा की संभावना जताई है। विभाग ने अगले 24 घंटों के लिए अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि 23 से 25 अगस्त के बीच तेज बारिश से बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन जैसी घटनाएं हो सकती हैं।

### गंगोत्री हाईवे पर भूस्खलन से दो युवकों की मृत्यु

डबराणी में बदहाल गंगोत्री हाईवे पर भूस्खलन की चपेट में आकर दो युवकों की मृत्यु हो गई। 15 दिनों से बंद हाईवे की बहाली को पहाड़ी पर नई कटिंग कर सड़क बनाई जा रही है। पांच अगस्त को धराली में आई आपदा के बाद क्षतिग्रस्त हाईवे को शुरू करने के लिए मंगलवार को कटिंग का काम अंतिम चरण में था।

### चशोती में मलबे से दो और शव बरामद, मृतकों की संख्या 66 हुई

जम्मू संभाग के किश्तवाड़ जिले के चशोती गांव में बादल फटने से हुई त्रासदी में छह दिन बाद मंगलवार को मलबे में दबे दो और शव बरामद हुए हैं। इसके साथ ही चशोती त्रासदी में मरने वालों की संख्या 66 हो गई है। अभी भी कई लोग लापता हैं, जिनका पता लगाने के लिए सेना, सीआरपीएफ, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जवान भी जुटे हुए हैं।

### ऑपरेशन सिंदूर पर एनसीईआरटी ने पेश किए विशेष मॉड्यूल




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने अपनी किताबों में ऑपरेशन सिंदूर को जगह दी है। कक्षा 3 से 12वीं तक के लिए ऑपरेशन सिंदूर पर दो विशेष मॉड्यूल जारी किए गए हैं। इनमें कहा गया है कि भले ही पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले में अपनी संलिप्तता से इनकार किया है, लेकिन यह पाकिस्तान के सैन्य और राजनीतिक नेतृत्व के सीधे आदेश पर किया गया था। प्रारंभिक और माध्यमिक स्तर यानी कक्षा 3 से 8 के लिए इन दो मॉड्यूल का शीर्षक 'ऑपरेशन सिंदूर- वीरता की गाथा' और माध्यमिक स्तर यानी कक्षा 9 से 12 के लिए 'ऑपरेशन सिंदूर- सम्मान और बहादुरी का मिशन' है।

### ट्रंप ने रद्द कीं अगस्त की छुट्टियां



**नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी न्यू जर्सी में अपनी पारंपरिक ग्रीष्मकालीन छुट्टियों पर न जाकर रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त करने की कोशिशों को प्राथमिकता दी है। इस बीच, उन्होंने व्हाइट हाउस में नए स्पीकर सिस्टम का टेस्ट भी किया, जहां उनका पसंदीदा गाना तेज आवाज में बज रहा था और उन्होंने खुद गानों की लिस्ट नियंत्रित की। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उत्तरी न्यू जर्सी में अपनी पारंपरिक ग्रीष्मकालीन छुट्टियां रद्द कर दी हैं। इसके पीछे का मकसद रूस और यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए चल रही बातचीत है।

## मुंबई में बारिश से हाहाकार

### सोमवार को बचाव अभियान के लिए गांव में सेना की एक टुकड़ी को तैनात किया गया

छत्रपति संभाजीनगर/मुंबई।


महाराष्ट्र में पिछले कई दिनों से आफत की बारिश हो रही है। भारी बारिश के चलते मुंबई में जलभराव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। वहीं, नांदेड़ जिले के हसनल गांव में बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है।

गांव में लापता बताए जा रहे पांच लोगों में से चार के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक व्यक्ति का अभी भी पता नहीं चल पाया है। महाराष्ट्र में पिछले कई दिनों से हो रही आफत की बारिश से कोहराम मचा है। मुंबई और उसके उपनगरों में सड़कों और निचले इलाकों में कई फीट तक पानी भर गया है। रेल पटरियां डूब गई हैं। इससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। वहीं, नांदेड़ जिले का हसनल गांव बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। गांव वालों का कहना है कि उन्होंने ऐसी आपदा पहले कभी नहीं देखी। उन्होंने कहा कि अचानक आई बाढ़ से लोग अपने घर और सामान छोड़कर भागने पर मजबूर हो गए। इस बीच, लापता बताए जा रहे पांच लोगों में से चार के शव बरामद कर लिए गए हैं, जबकि एक व्यक्ति का अभी भी पता नहीं चल पाया है। हसनल गांव निवासी आशाबाई इंगोले ने मंगलवार को बताया कि उसने 30 वर्षों में ऐसी आपदा कभी नहीं देखी। कुछ ही मिनटों में सब कुछ तबाह हो गया। उन्होंने बताया कि हसनल में लगभग 300 घर हैं, लेकिन सभी जगह सिर्फ पानी ही पानी था। इंगोले ने स्थानीय प्रशासन से तुरंत कोई मदद न मिलने का अफसोस जताया।



## 14 वकील बॉम्बे हाईकोर्ट जज बनेंगे

नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 14 वकीलों को बॉम्बे हाईकोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इस प्रस्ताव पर गौर करने के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम की मंगलवार को बैठक हुई। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड किए गए एक बयान में यह जानकारी दी गई है। कॉलेजियम ने जिन वकीलों को न्यायाधीश नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है उनमें वकील नंदेश शंकरराव देशपांडे, अमित सत्यवान जामसांडेकर, आशीष सहदेव चव्हाण, वैशाली निंबाजीराव पाटिल-जाधव, अबासाहेब धर्मजी शिंदे और फरहान परवेज दुबाश शामिल हैं। एक अलग बयान में कहा गया कि कॉलेजियम ने वकील सिद्धेश्वर सुंदरराव थोम्ब्रे, मेहरोज अशरफ खान पठान, रंजीतसिंह राजा भोंसले, संदेश दादासाहेब पाटिल, श्रीराम विनायक शिरसाट, हितेन शामराव वेनेगावकर, रजनीश रत्नाकर व्यास और राज दामोदर वाकोडे को भी बॉम्बे हाई कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

### ट्रेन से लापता अर्चना तिवारी यूपी में नेपाल बार्डर पर मिली

**भोपाल।** भोपाल में नर्मदा एक्सप्रेस से सात अगस्त को रहस्यमय तरीके से लापता अधिवक्ता अर्चना तिवारी को 12 दिन बाद उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में पलियाकलां स्थित नेपाल बार्डर के पास बरामद कर लिया गया। इससे पहले मंगलवार सुबह उनके मुंहबोले भाई ने परिवार के सदस्यों को अर्चना से फोन पर बात होने की जानकारी दी तो उसके साथ होई अनहोनी की आशंका दूर होने से सबने राहत की सांस ली। देर रात भोपाल रेल पुलिस अधीक्षक राहुल लोढ़ा ने बताया कि अर्चना तिवारी को सकुशल बरामद कर लिया गया है।

## सीआरपीएफ का सेहत महाअभियान

नई दिल्ली।



केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने पहली बार जवानों के लिए सेहत और फिटनेस अभियान शुरू किया है। बल का उद्देश्य जवानों और अधिकारियों को शारीरिक रूप से फिट और युद्ध के लिए तैयार रखने का है। जवानों का बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआइ) रिकॉर्ड लिया जाएगा और मानक रेंज से बाहर होने पर इसे ठीक करने के लिए तीन महीने का समय दिया जाएगा। सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह ने कहा कि फिट फोर्स और मजबूत फाइटिंग फोर्स की अवधारणा के तहत 44 दिन का विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है। सिंह ने मुख्यालय में अपना बीएमआइ दर्ज कराया। ये अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसे दो चरणों में आगे बढ़ाया जाएगा। सीआरपीएफ ने एक बयान में बताया कि 58 साल से कम के सभी जवानों और अधिकारियों को अपना बीएमआइ दर्ज कराना अनिवार्य है और 58 से 60 वर्ष के बीच के कर्मचारियों के लिए ये स्वैच्छिक है। अभियान में शामिल होंगे 3.25 लाख जवान सीआरपीएफ की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक इस अभियान में तीन लाख से ज्यादा जवान हिस्सा लेंगे। गौरतलब है कि सीआरपीएफ देश की सबसे बड़ी पैरामिलिट्री फोर्स है।

दो चरणों में ये अभियान लागू किया जाएगा, जिसमें पहले चरण में ज्यादा बीएमआइ वाले जवानों को खानपान दिशा-निर्देश, व्यायाम और निगरानी प्रशिक्षण अभियान के आधार पर फिट किया जाएगा। इसके लिए तीन महीने का समय दिया जाएगा।

### भारतीय वायुसेना की ताकत होगी दोगुनी

## केंद्र ने 97 स्वदेशी लड़ाकू विमानों की खरीद को दी मंजूरी

नई दिल्ली।

केंद्र सरकार शुक्रवार को भारत के सबसे बड़े रक्षा अनुबंध 62,000 करोड़ को मंजूरी दे दी है। सरकार भारतीय वायुसेना के लिए 97 एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों की खरीद करेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (ल्अछ) इन लड़ाकू विमानों का उत्पादन करेगा। सरकार का यह कदम आत्मनिर्भर भारत की ओर बड़ा प्रयास है। यह एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमानों के लिए दूसरा ऑर्डर होगा, क्योंकि सरकार कुछ साल पहले ही लगभग 48,000 करोड़ रुपये में 83 विमानों के ऑर्डर दे चुकी है। रक्षा सूत्रों ने एएनआई ने बताया कि इस कार्यक्रम से भारतीय वायुसेना को अपने मिग-21 विमानों के बेड़े को बदलने में मदद मिलेगी, जिन्हें सरकार अगले कुछ हफ्तों में चरणबद्ध तरीके से हटा रही है। उन्होंने कहा कि रक्षा मंत्रालय और वायुसेना मुख्यालय द्वारा पूर्णतः समर्थित स्वदेशी लड़ाकू विमान कार्यक्रम, स्वदेशीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ देश भर में रक्षा व्यवसाय में लगे छोटे और मध्यम उद्यमों को बड़ा व्यवसाय प्रदान करने में एक बड़ा योगदान देगा। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एचएएल के पुनरुद्धार पर जोर दे रहे हैं, जिसने उनकी सरकार के तहत सभी प्रकार के स्वदेशी लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों और उनके इंजनों के निर्माण के ऑर्डर प्राप्त किए हैं।



### पीएम मोदी ने भरी थी स्वदेशी लड़ाकू विमान में उड़ान

प्रधानमंत्री ने स्वदेशी लड़ाकू विमान के प्रशिक्षक संस्करण में भी उड़ान भरी थी, जो किसी भी लड़ाकू विमान में भारत के प्रधानमंत्री द्वारा की गई पहली उड़ान थी। 97 और एलसीए मार्क 1ए लड़ाकू विमान खरीदने की योजना की घोषणा भी सबसे पहले तत्कालीन वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने स्पेन में विदेशी धरती पर की थी, जब उन्होंने एएनआई को स्वदेशी लड़ाकू विमानों के ऑर्डर बढ़ाने की बड़ी योजनाओं के बारे में बताया था।

## संपादक की कलम से

# महाभियोग की नौबत

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ महाभियोग की नौबत यकीनन संविधान और लोकतंत्र के लिए एक भयावह, चुनौतीपूर्ण और अस्वीकृति की स्थिति है। संवैधानिक व्यवस्था में यह नौबत क्यों आनी चाहिए क्या मुख्य चुनाव आयुक्त शारीरिक और मानसिक तौर पर अक्षम हो गए हैं क्या उनकी साख और निष्पक्षता निर्णायक तौर पर सवालिया अथवा आशंकित हो गई है क्या मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ भ्रष्टाचार अथवा पक्षपात के आरोप कानूनन साबित हो चुके हैं और अदालत ने फैसला सुना दिया है विपक्ष की राजनीति के मद्देनजर महाभियोग की नौबत भी पक्षपाती है। विपक्ष के वोट चोरी के आरोप ही पर्याप्त नहीं हैं कि मुख्य चुनाव आयुक्त के खिला महाभियोग की प्रक्रिया संसद में शुरू की जाए। किसी भी संवैधानिक संस्था या पदासीन अधिकारी के खिलाफ महाभियोग मोहभंग और अस्वीकृति की पराकाष्ठा है। यह नौबत ही क्यों आनी चाहिए यदि राजनीतिक नेतृत्व और प्रतिनिधित्व का एक ही पक्ष महाभियोग की बात करने लगे, तो वह उस संवैधानिक संस्था अथवा अधिकारी के प्रति दुराग्रह की भावना है। निश्चित तौर पर उसकी पृष्ठभूमि में प्रतिशोध का भाव भी निहित होगा। एक पक्ष के पूर्वाग्रहों से संवैधानिक और संसदीय व्यवस्थाएं नहीं चल सकतीं। कुछ उदाहरण सामने हैं। अप्रैल, 2018 में तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश जस्टिस दीपक मिश्रा के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव विपक्ष ने राज्यसभा में दिया। आरोप खोखले, कुत्सित और पूर्वाग्रही थे, लिहाजा ऐसे ही कुछ आधारों पर तत्कालीन सभापति वेंकैया नायडू ने उस प्रस्ताव को खारिज कर दिया। इसी तरह तत्कालीन उपराष्ट्रपति एवं सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ राज्यसभा में ही कांग्रेस नेतृत्व वाले विपक्ष ने महाभियोग का नोटिस दिया। प्रस्ताव में उन्हें पक्षपाती करार दिया गया कि वह विपक्ष को उसका पक्ष रखने को पर्याप्त समय नहीं देते हैं। बहरहाल अपरिहार्य आधार पर वह प्रस्ताव भी खारिज हो गया, लेकिन इस अंतराल में, मीडिया के विभिन्न प्रारूपों में, इन संवैधानिक हस्तियों के खिलाफ जो कुछ लिखा या कहा गया, यकीनन उनकी शख्सियत पर कीचड़ उछाले गए, उसकी भरपाई कौन करेगा अब बारी मुख्य चुनाव आयुक्त की है। सोशल मीडिया पर उन्हें केंचुआ करार दिया जा रहा है। क्या यह उपमा उचित है बेशक संविधान के अनुच्छेद 324 (5) में मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की व्यवस्था दी गई है, लेकिन महाभियोग शब्द का कहीं भी उल्लेख नहीं है। वोट चोरी पर विपक्ष और मुख्य चुनाव आयुक्त के बीच विरोधाभास हैं। यह स्पष्ट है कि संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग का विपक्षी प्रस्ताव ध्वस्त होना तय है, क्योंकि दो–तिहाई बहुमत उसके पक्ष में नहीं है और बेशक सत्ता पक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त को जरूर बचाएगा। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री वाली चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की है। वह पक्ष महाभियोग को सफल क्यों होने देगा इस यथार्थ के बावजूद और ध्रुवीकरण की राजनीति के मद्देनजर यह नेरेटिव फैलाना शुरू किया गया है कि विपक्ष मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विमर्श कर रहा है। विपक्षी गठबंधन के अधिकतर दल इसके पक्ष में हैं। वोट चोरी का मामला अभी सर्वोच्च अदालत में है और अगली सुनवाई 22 अगस्त को होनी है। अदालत के अंतरिम आदेश के मुताबिक, आयोग ने मतदाता सूचियों से काटे गए 65.64 लाख नामों को अपनी वेबसाइटों पर सार्वजनिक कर दिया है। दावा यह भी किया जा रहा है कि नाम काटने के कारण भी बताए गए हैं।



ललित शर्मा
संपादक

# तीन तिगाड़ा काम बिगाड़ा - आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें

*वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ में भारत मान्यताओं कहावतों, पुराणों पंक्तियों, धार्मिक गाथाओं बलि रीति रिवाजों अंकगणित के अंकों सहित अनेक सकारात्मक और नकारात्मक प्रभाव पर आदि अनादि काल से चलता आ रहा है। पौराणिक काल से ही भारत में यह प्रथाएं चलती आ रही है। परंतु हम कुछ दशकों से देख रहे हैं अनेक कुप्रथाओं और नकारात्मक सोच वाली कुछ गतिविधियों पर शासकीय स्तरपर कानून बनाकर, या कुछ प्रथाओं को सामाजिक व्यक्तिगत या घरेलू स्तर पर बंद करने की कोशिशें की गई है। परंतु अभी भी कुछ कुप्रथाओं या विपरीत नकारात्मक सोच शुरू है जिन्हें शासकीय या सामाजिक स्तरपर बंद नहीं किया जा सकता। केवल जनता जनार्दन ने जन जागरण अभियान चलाकर ही बंद किया जा सकता है जिसमें सबसे महत्वपूर्ण कहावत 3 और 13 के आंकड़े की है, जिसे अशुभ माना जाता है*

हालांकि इन आंकड़ों के कई सफलताओं की गाथाओं में से सबसे अच्छा उदाहरण हमारे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के जीवन में 3 और 13 का महत्व है। उनकी राजनीत सफलताओं में 13 मई 1996 को पहली बार पीएम की शपथ लिए, 13 दिन बाद सरकार गिरी, दोबारा 13 महीने बाद पीएम बने, तीसरी बार पीएम बने तो 13 दिनों की साझा सरकार थी। 13 अप्रैल 1999 को शपथ ली तो पूरे 5 साल चली। 2004 के चुनाव में 13 अप्रैल को ही नामांकन भरा, इस प्रकार 13 का आंकड़ा उनके जीवन में साए की तरह चलता रहा। इन आंकड़ों के अनेक सफलताओं के भावों को देखा जा सकता है। इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे कि आओ मन को सकारात्मक सोच नहीं ढालें। साथियों बात अगर हम तीन तिगड़ा काम बिगड़ा वाली कहावत की करें तो, वर्तमान आधुनिक डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। हम 3 या 13 के आंकड़े से डरते हैं या उससे दूर भागने की कोशिश करते हैं, अशुभ मानते हैं परंतु हम अगर तीन के सकारात्मक दृष्टिकोण और अपने मन को सकारात्मक सोच में ढालें तो सफ लता की गाथाएं हमारे जीवन से जुड़ जाएगी। साथियों बात अगर हम 3 पर सकारात्मक सोच की करें तो,इसके पीछे की सच्चाई यह है कि कुछ लोग हमको अंधविश्वास में विश्वास दिलाना चाहते हैं जबकि ऐसा कुछ होता ही नहीं कोई संख्या किसी काम को निर्धारित नहीं करती ना ही उसके भविष्य को, अगर हमको लगता है कि 3 लोग किसी काम को मिलकर कर रहे हैं तो वह काम गड़बड़ हो जाएगा तो यह हमारी गलतफहमी है इसे दूर कर अंधविश्वासों से दूर रहें और सकारात्मक सोच वाले कुछ उदाहरणों को देखें। अखिल सृष्टि के देवता, तीनों देव ब्रह्मा, विष्णु और महेश की संयुक्त मूर्ति अधिकतर तस्वीरों में मिलती है। लक्ष्मी, सरस्वती और पार्वती भी तीन हैं। शंकर जी भोले बाबा का तिलक तीन रेखाओं में और त्रिशूल भी तीन शूलों से बना होता है। जब भी हम मंदिर में जाते हैं, तो तीन परिक्रमा के लिए ही कहा जाता है। पूजा के बाद आरती भी तीन बार लेकर भक्त जन प्रफुल्लित हो जाते हैं।पूजन करते वक्त मुख शुद्धि के लिए तीन बार आचमन किया जाता है और तीन ईष्टदेव, कुलदेव और स्थानदेव का ध्यान किया जाता है। हमारी उंगलियों की तरफ ध्यान से देखें तो प्रत्येक उंगली के पोर में तीन रेखाएं होती हैं। खेल प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय विजेताओं को ही घोषित किया जाता है। जल को भी तीन भागों में भी बांटा जाता है ठोस, द्रव और गैस। समय को भी तीन कालों में बांटा गया हैवर्तमान काल, भूतकाल और भविष्यकाल।सिगनल भी तीन होते हैं, लाल, पीला और हरा। घड़ी की सुईया भी तीन होती हैं। हम गौर करें कि हम गाड़ी से सफर कर रहे होते हैं, वहां भी तीन स्लीपर बर्थ होती हैं-लोअर, मिडल और अपर। जब दौड़ शुरू की जाती है तो उसका प्रारंभ भी तीन गिन्ने के बाद शुरू होता है। हमारे देश में या और अन्य देशों में भी सेनाओं को तीन भागों में बांटा गया है जल सेना, थल सेना और वायु सेना। नदियों का संगम भी तीन नदियों से ही होता है।त्रिदेव का स्मरण करके अपने ईष्टदेव की पूजा करते समय तीन अगरबत्ती जलाने को शुभ माना जाता है। मौसम भी तीन होते हैं-सर्दी, गर्मी और बरसात । आज भी हम स्नेह मिलन तीन बार करते हैं। पूरे विश्व में त्रिगुनात्मक शक्ति सर्वोपरी मानी जाती है। मानव जीवन में भी मुख्य तीन अवस्थायें होती हैं बाल्यकाल, यौवन अवस्था और वृद्धावस्था। साथियों तीन का प्रभाव सकारात्मक व नकारात्मक दोनों ही दष्टि से हमारे जीवन पर प्रभाव डालता है ।इसलिये हमें कभी भी नकारात्मक सोच नहीं रखनी चाहिये क्योंकि हम जैसा सोचते हैं हमारे जीवन में वैसा ही होता है ।हमारा मन सबसे सशक्त व शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास, आशा व सुंदर विचारों को रखना चाहिये । साथियों बात अगर हम 3 पर नकारात्मक सोच की करें तो, शंकर भगवान को विनाशकारी कहा जाता है क्योंकि उनके तीन नेत्र हैं।जब किसी व्यक्ति को गलत काम करने पर डांटा जाता है तो उसे थर्ड क्लास कहा जाता है। मुस्लिम धर्म में तीन बार तलाक-तलाक-तलाक बोलने पर तलाक हो जाता है, जिसपर अभी कानून बन गया है।पुलिस थर्ड डिग्री के आधार पर अपराधी से अपराध स्वीकार करवाती है जो अत्याधिक पीड़ादायक है। शरीर में स्वास्थ्य बिगडने की सबसे बड़ी समस्या वात, पित्त और कफ मानी जाती है।किसी भी घर में गणेश जी की तीन मूर्तियां रखना शुभ नहीं माना जाता है।तृतीय श्रेणी की नौकरी को अच्छा नहीं माना जाता है इसे सम्मानित दष्टि से नहीं देखा जाता है। यहां लोग तीन तिगड़ा काम बिगाड़ा वाली सोच का संज्ञान लेते हैं जो एक नकारात्मक सोच है इसे बदलकर सकारात्मक सकारात्मक सोच में लाना चाहिए। साथियों एक से दस तक के अंको में तीन अंक खास है, हमारे जीवन में सम और विषम अंक दोनो ही काफी महत्व रखते हैं, कभी-कभी तीन अंक को लेकर सकारात्मक और नकारात्मक सोच पर अच्छी खासी बहस हो जाती है। जैसे तीन सदस्यों को एक साथ घर से शुभ काम के लिए नहीं निकलना चाहिए। देखा जाए तो तीन अंक को काफी शुभ माना गया है। पूजन के बाद हम आचमन करते हैं, तो पंडित तीन बार हमारी अंजली में पवित्र जल प्रदान करते हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि तीन तिगड़ा काम बिगड़ा, आओ मन को सकारात्मक सोच में ढालें, वर्तमान आधुनिक डिजिटल युग में अंधविश्वासों गलतफहमियां से दूर सकारात्मक सोच रखना सफलता की कुंजी है। जीवन में हम जैसा सोचते हैं वैसा हमारा मन हो जाता है जो सशक्त और शक्तिशाली ऊर्जा का रूप है, इसमें विश्वास आशा और सुंदर विचारों को रखें।



गोंदिया

## उदय किशोर साह



### मौन है चट्टान

कविता

सदियों से खड़ा है मौन बन ये चट्टान
बचाने की कोशिश में खुद की ईमान
कैसे कैसे बेशरम हो गया यहाँ शैतान
हर नुक्कड़ पे खड़ा हँसता है बेईमान

रब ने बनाया था एक सभ्य इन्सान
पर मानव करता गया गलत ही काम
पाप के सागर में डुब रहा है तमाम
मानवता हो गई जग में अब नाकाम

जग में आया था जपने हरिनाम
पर बेच दिया खुद का भला सा नाम
बदनामी का ले चुका है यहाँ ईनाम
विचित्र सा सोंच बना लिया है इन्सान

खुद रोता है और परिजन को रुलाया
कारागार जाने का रास्ता दिखलाया
हद को बेशरमी से है अब। ठुकराया
फिर भी इन्हें शर्म नहीं कभी आया

इन्सानों की फितरत से दु:खी है भगवान
क्यूं मिट्टी के तन को दिया था मैंने। प्राण
पाप की गठरी बन चुके है कई नाम
मेरी भलमानस सोंच आया ना कोई काम

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया । संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# राधाकृष्णन की उम्मीदवारी से कई हित सधेंगे



भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राजग ने चंद्रपुरम पोन्नुस्वामी राधाकृष्णन को उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित करके एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। भाजपा ने बहुत सोच-समझकर उन्हें इस प्रतिष्ठित पद का उम्मीदवार बनाया है। वे तमिल हैं, पिछडे.भी हैं, संघ से जुड़े हैं और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पुराने करीबी एवं साफ-सुथरी छवि वाले राजनायक हैं। भाजपा ने जब उन्हें उपराष्ट्रपति पद का उम्मीदवार घोषित किया, तो यह केवल राजनीतिक गणित का परिणाम नहीं था, बल्कि एक ऐसे व्यक्तित्व को राष्ट्रीय मंच पर स्थापित करने का निर्णय था, जो सादगी, ईमानदारी और सेवा की पहचान रखते हैं। उनका चयन भारतीय लोकतंत्र की व्यापकता और समावेशिता का जीवंत प्रतीक है। अब तक भारतीय राजनीति में दक्षिण भारत, विशेषकर तमिलनाडु में भाजपा की जड़ें अपेक्षाकृत कमजोर और सबसे बड़ी चुनौती रहा है। उत्तर और पश्चिम भारत में लगातार सफलता के बाद पार्टी चाहती है कि दक्षिण के राज्य भी उसके प्रभाव में आएं। राधाकृष्णन तमिलनाडु से आते हैं और वहां भाजपा के शीर्ष चेहरों में गिने जाते हैं। उनका उपराष्ट्रपति उम्मीदवार बनना भाजपा की यह घोषणा है कि वह दक्षिण भारत को अब हाशिए पर नहीं, बल्कि सत्ता की मुख्यधारा में लाना चाहती है। राधाकृष्णन तमिलनाडु में भाजपा के मजबूत संगठनकर्ता के रूप में पहचाने जाते हैं। सीपी राधाकृष्णन उत्तर भारत के भाजपा के राजनीतिक गलियारे में राधाजी के नाम से जाने जाते हैं। तमिलनाडु की कोयंबटूर लोकसभा सीट से 1998 और 1999 के आम चुनावों में भाजपा के टिकट पर सांसद चुने गए सीपी राधाकृष्णन ने स्कूली जीवन से ही आरएसएस का दामन थाम लिया था। हालांकि एक दौर में वे तमिल राजनीति में अन्नाद्रमुक के करीब माने जाते थे। उनके तमाम राजनीतिक दलों के नेताओं से मधुर संबंध हैं। उपराष्ट्रपति चुनाव में डीएमके भी उनकी उम्मीदवारी का विरोध करना कठिन हो सकता है।

उपराष्ट्रपति पद पर उनका चयन ओबीसी समाज को सम्मान और सशक्तिकरण का नया संदेश देगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने लगातार इस वर्ग को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया है। राधाकृष्णन ओबीसी समाज से आते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासकी नीति को बल दिया है। राधाकृष्णन का चयन इसी दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। इससे भाजपा को देशभर में ओबीसी समाज का और अधिक समर्थन मिल सकता है। इससे भाजपा की सामाजिक आधारशिला और मजबूत होगी। भाजपा अपने निर्णयों से हमेशा करिश्मा घटित करती रही है, अपने चतुराई का परिचय देती रही है, सी.पी. राधाकृष्णन का चयन भाजपा की इसी रणनीतिक चतुराई का ही बड़ा उदाहरण है। इससे पार्टी ने एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं, दक्षिण भारत में पैठ बनाना, ओबीसी समाज को साधना, विपक्ष को असहज करना और साफ-सुथरी राजनीति का संदेश देना। यह तय है कि उपराष्ट्रपति के रूप में वे न केवल भाजपा बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए सफल नायक सिद्ध होंगे। यह एक संयोग की कहा जायेगा कि देश के शीर्ष दो पदों पर विराजमान हस्तियों का नाता झारखंड से रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु देश के सर्वोच्च पद पर चुने जाने से पहले झारखंड की राज्यपाल रहीं और देश के उपराष्ट्रपति बनने जा रहे सीपी राधाकृष्णन भी इस राज्य के राज्यपाल रहे हैं। इन दिनों वे महाराष्ट्र के राज्यपाल हैं। वे झारखंड के साथ ही तेलंगाना के राज्यपाल और पुदुचेरी के उपराज्यपाल का भी अतिरिक्त कार्यभार संभाल चुके हैं। मोदी-शाह का उन पर बड़ा भरोसा रहा है, क्योंकि उन्हें एक समय एक साथ तीन-तीन राज्यों के राज्यपालों की जिम्मेदारी थमाई गई थी। अभी उपराष्ट्रपति पद पर ऐसे ही भरोसेमंद, निष्ठाशील एवं जिम्मेदार व्यक्ति की ही तलाश थी। उपराष्ट्रपति भारत का प्रतिनिधित्व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी करते हैं। राधाकृष्णन का अध्ययनशील स्वभाव, शालीन व्यवहार और संतुलित दृष्टिकोण भारत की सॉफ्ट पावर को और मजबूत करेगा। उनका व्यक्तित्व भारत की परंपरा, संस्कृति और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रभावी प्रतिनिधित्व करेगा। भारतीय राजनीति में उपराष्ट्रपति केवल राज्यसभा के सभापति ही नहीं होते, बल्कि सर्वदलीय संवाद और लोकतांत्रिक परंपराओं के संरक्षक भी होते हैं। राधाकृष्णन का सौम्य व्यक्तित्व, धैर्य और संवाद क्षमता उन्हें इस भूमिका में और अधिक सफल बनाएगी। विपक्षी दलों के लिए भी उनकी छवि स्वीकार्य है, जो संसद की कार्यवाही को संतुलित बनाए रखने में सहायक होगी। सी.पी. राधाकृष्णन का उपराष्ट्रपति पद पर चयन भारतीय लोकतंत्र की उस विशेषता को रेखांकित करता है, जिसमें सादगी और सेवा जैसे गुण सर्वोपरि माने जाते हैं। वे न केवल दक्षिण भारत और ओबीसी समाज का सम्मान हैं, बल्कि पूरे राष्ट्र के लिए आशा और संतुलन का चेहरा हैं। निश्चित रूप से वे उपराष्ट्रपति पद की जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हुए आने वाले वर्षों में एक आदर्श और प्रेरक नायक सिद्ध होंगे। जैसाकि पूर्व उपराष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन हमारे आदर्श नायक हैं। वैसे भी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और वर्तमान उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार सी.पी. राधाकृष्णन के बीच कुछ उल्लेखनीय समानताएं दिखाई देती हैं। भले ही दोनों की पृष्ठभूमि अलग हो, एक महान दार्शनिक, शिक्षक और राजनयिक रहे, तो दूसरे राजनीति और सामाजिक जीवन से जुड़े हैं, फिर भी उनके व्यक्तित्व में कई साझा बिंदु हैं जैसे दोनों का नाम ह्यराधाकृष्णनहै, जो भारतीय संस्कृति में श्रीकृष्ण से जुड़ी भक्ति, ज्ञान और नीति का प्रतीक है। दोनों ने अपने-अपने क्षेत्र में भारतीय परंपरा और मूल्यों को प्रतिष्ठित किया। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने भारतीय दर्शन को विश्वपटल पर प्रतिष्ठा दिलाई और शिक्षा जगत को नई दिशा दी। सी.पी. राधाकृष्णन ने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में सेवा, ईमानदारी और पारदर्शिता के लिए ख्याति अर्जित की। डॉ. राधाकृष्णन जीवन भर शिक्षक रहे और शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार माना। सी.पी. राधाकृष्णन का राजनीतिक जीवन भी शिक्षा, नैतिकता और संस्कारों की धरती पर खड़ा है। वे स्वच्छ छवि और सादगी के लिए जाने जाते हैं। दोनों का जीवन साधारण परंतु ऊँचे आदर्शों से जुड़ा रहा। किसी प्रकार का दुराचार या विवाद इन दोनों के जीवन में नहीं जुड़ा, जो आज के राजनीतिक और सार्वजनिक जीवन में बहुत दुर्लभ है। डॉ. राधाकृष्णन को दार्शनिक-राजनेता के रूप में विश्वभर में सम्मान मिला। सी.पी. राधाकृष्णन को जनता का भरोसा, सरल व्यवहार और समाज में उनकी स्वीकार्यता ने एक सम्मानित नेता बनाया।

डॉ. राधाकृष्णन ने भारतीय संस्कृति के सार्वभौमिक दृष्टिकोण को स्थापित किया। सी.पी. राधाकृष्णन भी राजनीति में समन्वयकारी, सर्वसमावेशी और राष्ट्रहित की सोच को आगे बढ़ाते हैं। दोनों ही भारतीय मूल्यों, ईमानदारी और राष्ट्र-सेवा के प्रतीक माने जा सकते हैं। राजनीति में सी.पी. राधाकृष्णन की पहचान एक स्वच्छ और सादगीपूर्ण नेता की है। वे कभी भी विवादास्पद राजनीति का हिस्सा नहीं बने, बल्कि अपने संगठन कौशल, जनता से जुड़ाव और सेवाभाव से अपनी अलग जगह बनाई। सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े रहने के कारण उनका व्यक्तित्व सिर्फ राजनीतिक दायरे तक सीमित नहीं रहा। यही कारण है कि वे उपराष्ट्रपति पद की गरिमा और जिम्मेदारी निभाने में पूरी तरह सक्षम होंगे। भाजपा ने राधाकृष्णन को मैदान में उतारकर विपक्ष के लिए कठिनाई खड़ी कर दी है। उनकी सादगीपूर्ण और निर्दोष छवि के कारण विपक्ष उनके खिलाफ आक्रामक रुख अपनाने में हिचकेगा। साथ ही, वे किसी विवाद या कट्टरपंथी राजनीति से दूर रहे हैं, जिससे उनकी स्वीकार्यता सर्वदलीय स्तर पर अधिक है। वे न केवल चुनावी राजनीति में सक्रिय रहे, बल्कि सामाजिक और शैक्षणिक गतिविधियों से भी जुड़े रहे हैं। इससे भाजपा की यह छवि और प्रखर होगी कि वह स्वच्छ और ईमानदार नेतृत्व को प्राथमिकता देती है।

राधाकृष्णन क्यों सफल उपराष्ट्रपति साबित होंगे, इस प्रश्न का उत्तर निम्न पंक्तियों में समाया है कि वे पक्षपात से दूर और सर्वदलीय संवाद को बढ़ावा देने वाले विरल व्यक्तित्व माने जाते हैं। भाजपा संगठन में लंबे अनुभव के कारण वे राजनीतिक नब्ज को भली-भांति समझते हैं। इससे जनता और सभी दलों में उनकी विश्वसनीयता बनी रहेगी। दक्षिण भारत का केन्द्र में समुचित प्रतिनिधित्व होने से वे राष्ट्रीय राजनीति में समावेशिता का चेहरा बनेंगे।



ललित गर्ग

# नेत्र शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार समाजसेवी मामून शाह के आवास पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**



**रामपुर।** नेत्र शिविर का उद्घाटन करते ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां। साथ में समाजसेवी मामून शाह खां आदि। नेत्र शिविर में सैकड़ों मरीजों का उपचार समाजसेवी मामून शाह के आवास पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष काशिफ खां द्वारा शिविर का उद्घाटन समाजसेवी मामून शाह खां के आवास पर साहनी लायंस आई हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने किया। घेर कलंदर खां में आयोजित नेत्र शिविर में डॉ यशेंद्र मोहन भारद्वाज ने सैकड़ों मरीजों का परीक्षण किया। शिविर में सर्वाधिक मोतियाबिंद से पीड़ित लोग पहुंचे। उन्हें बिना टांके फेको विधि से लेंस प्रत्यारोपण के बारे में बताया गया। शिविर में मरीजों को दवाएं और चश्मे भी प्रदान किए गए। शिविर में चिकित्सकों ने मरीजों को सलाह दी कि धूप और धूल से आँखों को बचाने के लिए चश्मा लगाएं। आंखों को ठंडे पानी से धोते रहें। समाजसेवी मामून शाह ने कहा कि शिविर से गरीब अवाम को लाभ हासिल हुआ है। प्रत्येक माह में दो बार उनके आवास पर निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय पंचायतीराज ग्राम प्रधान संगठन के जिला उपाध्यक्ष व प्रवक्ता काशिफ खां ने समाजसेवा के क्षेत्र में मामून शाह खां द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सना मामून के मीडिया प्रभारी सैयद फैसल हसन, एजाज हुसैन खां एडवोकेट, माजिद खां उर्फ राजा खां, रहमान अंसारी, आसिम एजाज, शैजी सैफी, सैयद मोहतशम मियां, शहरोज मंसूरी, फूल साहब, इमरोज मंसूरी, खुशनूद खां, जैद रजा आदि मौजूद रहे।

# रामपुर पुलिस द्वारा डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव एवं रोकथाम हेतु चलाया गया साइबर जागरूकता अभियान



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली के निदेर्शानुसार आमजन में डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव एवं रोकथाम हेतु साइबर अपराध जागरूकता संबंधी विशेष अभियान चलाया जा रहा है । उक्त के क्रम में पुलिस अधीक्षक, रामपुर विद्यासागर मिश्र के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर अतुल कुमार श्रीवास्तव के निकट पर्यवेक्षण में थाना मिलकखानम पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत स्कूलों में छात्र-छात्राओं/शिक्षकों को जागरुक कर साइबर अपराध के प्रति जागरूकता अभियान चलाया गया । जिसमें विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं साइबर अपराध (डिजिटल अरेस्ट एवं साइबर ठगी से बचाव/रोकथाम आदि) के सम्बन्ध में जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा सोशल मीडिया पर किसी भी सूचना को बिना जाने/समझे शेयर न करने आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गयी ।

# भारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट ने घायलों उपलब्ध कराया दो यूनिट ब्लड

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद बिजनौर।** नगीना सड़क दुर्घटना में घायल हुए व्यक्तियों को भारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट नगीना की ओर से दो यूनिट ब्लड दिया गया। जिससे घायलों की जान बचाई जा सके। चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉक्टर श्वेत गोयल ने बताया कि गंभीर रूप से बीमार या दुर्घटनाग्रस्त लोगों को आवश्यकता पड़ने पर उनकी डिमांड पर ब्लड उपलब्ध कराया जाता है। मंगलवार को नगीना धामपुर नेशनल हाइवे रोड पर एक्सीडेंट में घायल हुए व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए धामपुर ले जाया गया जहां पर दुर्घटना में उनका खून अधिक बह जाने के कारण धामपुर अस्पताल की ओर से दो यूनिट ब्लड की मांग की गई। जिस पर नगीना की सामाजिक संस्था भारत सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट नगीना द्वारा उन्हें दो यूनिट ब्लड दिया गया जिससे गंभीर घायल व्यक्तियों की जान बचाई जा सके चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक शम्मीपाल व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ स्वेत कमल गोयल ने बताया कि यदि कोई किसी परिवार का व्यक्ति गंभीर रूप से बीमार है या दुर्घटना में घायल हो गया है और उसे खून की आवश्यकता पड़ती है तो उनकी डिमांड पर हमारा ट्रस्ट ब्लड उपलब्ध कराता है जिससे लोगों की जान बचाई जा सके सामाजिक संस्था होने के नाते उनका कर्तव्य है कि लोगों की जान बचाई जाए तथा उन्हें समय से ब्लड उपलब्ध कराया जाए इसके लिए सोमवार को एक कैंप लगाकर 113 लोगों ने रक्तदान किया था जिसे सुरक्षित रख लिया गया है तथा जरूरतमंद लोगों को उपलब्ध कराया जा सके।

> मंगलवार को नगीना धामपुर नेशनल हाइवे रोड पर एक्सीडेंट में घायल हुए व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा उपलब्ध कराने के लिए धामपुर ले जाया गया जहां पर दुर्घटना में उनका खून अधिक बह जाने के कारण धामपुर अस्पताल की ओर से दो यूनिट ब्लड की मांग की गई।

# रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया बिजनौर के अध्यक्ष बने डॉ सीपी सिंह, सचिव बने डॉ अनुज भारद्वाज

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**बिजनौर:** बिजनौर के लोकप्रिय डॉ सीपी सिंह को रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया बिजनौर का अध्यक्ष चुना गया है, डॉ अनुज भारद्वाज को सचिव चुना गया है। रमेश गोयल कोषाध्यक्ष बने है। नागेंद्र सारस्वत सहसचिव, डॉ एस के मित्तल एडिटर, राकेश रस्तोगी सार्जेंट एट आर्मस, क्लब ट्रेनर प्रवीण कुमार, डॉ राहुल कुमार एग्जीक्यूटिव सचिव, क्लब फाउंडेशन का दायित्व का निर्वाह रो अनिल जैन करेंगे

निदेशक मंडल में रजनीश अग्रवाल क्लब सेवा, डॉ अशोक चौधरी सामाजिक सेवा, अंतराष्ट्रीय सेवा में डॉ ए के अग्रवाल, यूथ सेवा में डॉ एन एच मिर्जा है। बिजनौर नगर के एक बैंक्वेट हॉल में गरिमामय समारोह में रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया बिजनौर के सभी नव निर्वाचित पदाधिकारी गण को मंडलाध्यक्ष ने शपथ ग्रहण कराई इस अवसर पर सभी क्लब के रोटेरियन उपस्थित हुए क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ सीपी सिंह क्लब के अपने शुरूआती समय को याद करते हुए कहा कि मैं धन्यवाद करता हूं डॉ राहुल सर का के उन्होंने मुझे उस समय क्लब की सदस्यता दिलाकर जो पेड़ लगाया था आज वह पेड़ फल देने को तैयार है। क्लब के नवनिर्वाचित सचिव डॉ अनुज भारद्वाज ने बताया कि सचिव पद पर रहते हुए क्लब की क्या रहने वाली है। मंडलायुक्त पायल शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हमें इस पर विचार करना चाहिए कि हम क्लब में महिलाओं की भागीदारी कैसे सुनिश्चित कर सकते है हम आधी आबादी को कैसे अपने साथ लेकर चल सकते है हमे इस पर विचार करना चाहिए। रोटरी क्लब के कन्वीनर डायरेक्टर प्रशांत महर्षि ने क्लब के अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में भी सेवा करने पर जोर दिया। इससे पहले क्लब के निवर्तमान सचिव डॉ ध्यान सिंह ने वर्तमान सत्र में क्लब द्वारा कराए गए कार्यों को सभी के सामने रखा। अंत में रोटरी क्लब इंडस्ट्रियल एरिया बिजनौर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ सीपी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का सफल संचालन बिजनौर की प्रसिद्ध कवयित्री सुमन चौधरी जी ने किया कार्यक्रम का समापन सहभोज के साथ हुआ।

इस अवसर पर सिकंदराबाद से आई सुधा शर्मा, गौरव भारद्वाज, आई एम ए बिजनौर यूनिट के अध्यक्ष डॉ योगेंद्र सिंह, सचिव डॉ आशु आत्रेय, क्लब के पूर्व सचिव डॉ ध्यान सिंह, डॉ एन एच मिर्जा, गौरव भारद्वाज, डॉ अनिल अग्रवाल, डॉ राजेंद्र सिंह, डॉ ए के अग्रवाल, डॉ एस के मित्तल, विमल अग्रवाल, डॉ राहुल देशवाल, डॉ कपिल चौधरी, डॉ नेहा फरान, डॉ फरान एजाज, डॉ नेहा शर्मा, ईवीज लेडी जिम की संचालिका अंशु सिंह, राकेश रस्तोगी, डॉ अभिषेक मोर आदि सभी क्लब के सम्मानित सदस्यगण उपस्थित रहे।

# सच्ची लगन और ठोस इरादों से हासिल किया प्रथम स्थान

**वेलकम इंडिया ; नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** हल्दौर ग्रुप का कॉलेज हल्दौर जनपद बिजनौर के एम एस डब्ल्यू अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम में रूबी शर्मा पुत्री विजय कुमार शर्मा निवासी महमदाबाद ने 92, 3% अंक प्राप्त कर साबित कर दिया है कि सच्ची लगन और ठोस इरादो से किसी भी चुनौती को पूरा किया जा सकता है उनका यह उत्साह और कड़ी मेहनत अन्य परीक्षार्थियों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत का कार्य करता है ग्रामीण परिवेश से होते हुए भी रूबी शर्मा ने यह मुकाम हासिल कर महाविद्यालय में अपनी सफलता का परचम लहराया है। इस कामयाबी से उनके परिवार और महाविद्यालय मे खुशी का माहौल बना हुआ है। रूबी शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व महाविद्यालय प्राध्यापगणो को दिया है। इस अवसर पर व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक उपाध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश अतुल मारवाड़ी ने कॉलेज पहुंचकर उनका उत्साह वर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। महाविद्यालय निदेशक डॉ अनुज चौहान, प्राचार्य डॉ योगेंद्र कुमार ने उनके इस कार्य की प्रशंसा की तथा बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी।

## बाल कल्याण विधा मंदिर रामोरुपपुर को एन०सी०सी० की मान्यता मिली

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** बाल कल्याण विधा मंदिर इण्टर कॉलेज रामोरुपपुर (बिजनौर) को 2025–2026 से एन०सी० सी० की सत्र मान्यता शासन द्वारा प्राप्त हो गयी। विद्यालय की प्रबंधिका आकांशा चौहान ने यह जानकारी दी, उन्होने कहां कि बालक वर्ग के लिये 32 यू० पी० वटालियन एन०सी० सी० धामपुर, बालिका वर्ग के लिए 9 यू० पी० गर्ल्स बटालियन एन०सी०सी०, मुरादाबाद से मान्यता प्राप्त हो गयी है। कक्षा–9 एवं 11 में प्रवेश लेकर एन० सी०सी में प्रवेश लेने के लिए विद्यालय में 20 अगस्त तक संपर्क कर सकते है.

# देवता महाविद्यालय मे एनसीसी कैडेट्स की गयी भर्ती



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** देवता महाविद्यालय मोरना में यूपी 32 बीएन एनसीसी धामपुर द्वारा एनसीसी कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया की गई भर्ती में नूरपुर ब्लॉक के विभिन्न कॉलेज, देवता महाविद्यालय मोरना, देवता इंटर कॉलेज मोरना, चौधरी यशपाल सिंह इंटर कॉलेज मोरना, बाल कल्याण इंटर कॉलेज रामो रूपपुर के सीनियर व जूनियर डिवीजन के कुल 220 छात्र छात्राओं ने भाग लिया लिया। भर्ती प्रक्रिया पांच चरणों में पूर्ण हुई जिसका पहला चरण फॉर्म वेरीफिकेशन, दूसरा चरण नापतोल, तीसरा चरण फिजिकल फिटनेस, चौथा चरण दौड़, पांचवें चरण में लिखित परीक्षा कराई गई भर्ती प्रक्रिया 32 यूपी बटालियन धामपुर के सूबेदार कृष्ण कुमार व हवलदार विकास क्षेत्री के निर्देश अनुसार पूर्ण हुई जिसमें सीटीओ डॉ. राजीव कुमार, सीटीओ. डॉ. कमल वीर, एमनओ तेजस्वी कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। भर्ती के अंत में देवता महाविद्यालय मोरना के प्राचार्य डॉ. लोकवीर सिंह एवं सचिव वीरेंद्र सिंह ने प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की प्रक्रिया में देवता महाविद्यालय के डॉ अशोक कुमार, डॉ. देवेंद्र सिंह, डॉ.अमित कुमार, सुशील कुमार क्रीड़ा सचिव, डॉ. पदम सिंह, डॉ विवेक चौधरी, डॉ. अजीत सिंह, व स्टाफ का सहयोग सराहनीय रहा।

# टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है:डॉ स्नेही

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




**बिजनौर स्योहारा.** डिप्थीरिया और टिटनेस से बचाव के लिए एम एम स्कूल स्योहारा और सारंग स्कूल श्यामा बाद में टीडी टीकाकरण सत्र का सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉक्टर बी के स्नेही ने किया निरीक्षण। छात्र/ छात्राओं से टीडी टीका लगवाने की अपील। टीका पूर्ण रूप से सुरक्षित है .डॉ स्नेही। शासन के आदेशों के क्रम में प्रदेश में चलाए जा रहे स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण कैंपेन अभियान में आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्योहारा अधीक्षक डॉक्टर बी0 के 0 स्नेही ने बताया कि ब्लॉक स्योहारा में 6 सत्रों का आयोजन किया गया। जिनमें सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों के 10 और 16 साल के बच्चों को टीडी की वैक्सीन लगाई गई ताकि बच्चों को जानलेवा घातक बीमारी टेटनस और डिप्थीरिया से बचाया जा सके ।इस दौरान डॉ0 स्नेही ने बताया कि माइक्रोप्लान के अनुसार 6 छूटे हुए स्कूलों में ये अभियान चलाया जा रहा है ।इसके पहिले माह अप्रैल, मई 2025 में ये अभियान चलाया गया था ।इस समय दुबारा ये अभियान चलाया जा रहा है ।किसी कारण से जो बच्चे टीडी वैक्सीन नहीं लगवा पाए थे उन्हें ये टीका लगाए जा रहे है। पिछले राउंड में अभी तक ब्लॉक स्योहारा में टीडी 10 साल 95 प्रतिशत बच्चों को ओर टीडी 16 साल के 98 प्रतिशत बच्चों को टीडी टीकाकरण कार्यक्रम में अब तक लगाया जा चुका था। शीघ्र ही शत प्रतिशत पूर्ण टीडी टीकाकरण कराया जाएगा। यह अभियान 31 अगस्त 2025 तक चलाया जाएगा। इस समय प्राइवेट और सरकारी स्कूलों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। आज सीएचसी स्योहारा अधीक्षक डॉ 0बी 0के 0 स्नेही द्वारा भी एम एम स्कूल स्योहारा ओर सारंग स्कूल श्यामा बाद ,स्योहारा का टीकाकरण सत्र का निरीक्षण किया गया और अन्य ग्रामीण क्षेत्र में भी स्कूलों को देखा गया।

इस दौरान एम एम स्कूल में प्रबंधक आलोक अग्रवाल और प्रधानाचार्य जी ओर सारंग स्कूल के प्रधानाचार्य श्री अशोक कुमार का पूरा सहयोग मिला। उन्होंने लक्षित समूह के सभी बच्चों का टीडी टीकाकरण कराया और कार्य में स्वास्थ्य विभाग की टीमों को पूरा सहयोग दिया ।प्रधानाचार्य,ए एन एम श्रीमती दुशाला शर्मा, ए एन एम श्रीमती रीता सिंह, आशा ओर आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों उपस्थित रही ।यहां पर ए एन एम दुशाला ओर रीता सिंह द्वारा बढ़िया कार्य किया जा रहा है। इनके पास समस्त आवश्यक लॉजिस्टिक और वैक्सीन पाई गई। इनके द्वारा अपने उपकेंद्र के सभी स्कूलों में सत्र आयोजित कर टीकाकरण कराया जा रहा है और उनको यू विन पोर्टल पर फीडिंग भी कराया जा रहा है ।आज इंटर कालेज महमूदपुर ,प्राथमिक विद्यालय फैजुल्लापुर ,आदि में भी टीडी टीकाकरण कराया गया ।निरीक्षण में मेरे साथ हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार ,हेल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह और कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर के द्वारा भी सत्रों का निरीक्षण किया गया।

# अज्ञात शव मिलने पर ग्रामीणों में मचा हड़कंप

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



बिजनौर मंडावर मालन नदी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने पर ग्रामीणों में मचा हड़कंप

वासियों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंच कर पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला शव को कब्जे में लिया पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया शव की पहचान में जुटे पुलिस शव की पहचान नहीं हो पाए जिला बिजनौर भेज दिया यह बिजनौर के मंडावर थाने की पूरी घटना।

# पिंक सिटी में धमाल मचाती इलाहाबादि बेटी सीक्वोया कैफे, जयपुर में कन्विन्स मी अदरवाइज मैगजीन का भव्य शुभारंभ

**वेलकम इंडिया**



**जयपुर।** गुलाबी नगरी जयपुर ने शनिवार की शाम एक ऐतिहासिक पल का साक्षी बना, जब कन्विन्स मी अदरवाइज मैगजीन का भव्य शुभारंभ सीक्वोया कैफे के सुरुचिपूर्ण माहौल में हुआ। यह मैगजीन, लोकप्रिय पूजाह्लस टॉक शो का प्रिंट एवं विस्तारित रूप है, जिसे इलाहाबाद (प्रयागराज) की बेटी पूजा कुशवाहा ने जयपुर की धरती पर लॉन्च किया। इस खास अवसर पर उद्योग जगत के दिग्गज, विचारक और परिवर्तनकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने इस शाम को प्रेरणा, संवाद और विचारों का उत्सव बना दिया। विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गेस्ट ऑफ ऑनर सीए मनीष बलानी ने। उनके साथ उपस्थित रहे। विवेक गोयल (आईटी कंसल्टेंट एवं जयपुर सोशल्स संस्थापक) एडवोकेट निशांत जायसवाल, श्री तरुण सेठी (स्टील व्यवसायी), सुश्री रानू जैन (फाइनेंस कंसल्टेंट) सुश्री मिनाक्षी, सुश्री आशा और श्री आकाश

संस्थापक पूजा कुशवाहा ने कहा...

**मैगजीन का अनावरण करते हुए पूजा कुशवाहा ने कहा:** जब मैंने पूजास टॉक शो शुरू किया था, तो यह सार्थक संवादों के बारे में था जो दृष्टिकोण को चुनौती देते हैं। कन्विन्स मी अदरवाइज मैगजीन उसी भावना को आगे बढ़ाती है – जहाँ नेताओं, परिवर्तनकताओं और सपने देखने वालों की अनकही कहानियाँ हर पन्ने पर जीवित हैं। यह संभावनाओं का मंच है – जहाँ विचार हिम्मत से मिलते हैं और सफलता की कहानियाँ संघर्षों से जुड़ती हैं।

## खोया पाया

मेरा नाम अंकुर कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह गाँव रामपुर पोस्ट ओरंगाबाद तहसील चाँदपुर जिला विजनौर का मूल निवासी हू वर्तमान में उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी के पद पर जनपद बुलन्दशहर के थाना अगोता पर तैनत हूं दिनांक 17.08.2025.को मैं थाने से उत्तर प्रदेश पुलिस सब इंस्पेक्टर का फॉर्म भरने जा रहा था रास्ते में मेरा कहीं पर मेरा बैग खो गया जिसमें मेरे ग्रेजुएशन के और कुछ किमती कागजात थे अगर किसी को मिले तो ऊपर दिए गए पते पर वापस कर दें।

# पिटकुल इकाई में आपदा से हुए नुकसान का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता, सोमवार रात्रि हुई तेज बारिश के चलते पिटकुल 132 केवी सर्विस स्टेशन नारायण देव वार्ड बागेश्वर में मलबा आने की सूचना पर जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने मंगलवार को अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई करने तथा मलबे को शीघ्र हटाने के निर्देश दिए।आपदा से सर्विस स्टेशन में पहाड़ी से हुए भूस्खलन की सूचना कपकोट विधायक सुरेश गढ़िया और स्थानीय विधायक पार्वती दास को इसकी सूचना मिलने पर दोनों विधायको ने इसकी सूचना मुख्यमंत्री को दी।कपकोट विधायक ने मुख्यमंत्री से वार्ता कर हुए नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल उचित प्रबंध करने के अनुरोध के बाद जिलाधिकारी भी तत्काल हरकत में आए।उन्होंने अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर नुकसान का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि प्रभावित क्षेत्र में राहत एवं सुरक्षा कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विद्युत विभाग को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि परिसर में स्थित उच्च वोल्टेज विद्युत टावर, जो मलबे के कारण खतरे की स्थिति में आ गया है, उसको एक्सपर्ट की निगरानी में ध्वस्त किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका न रहे।उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र की लगातार निगरानी रखने, मलबा हटाने की गति तेज करने और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। वही देर सायं पुनः जिलाधिकारी आशीष भटगांई ने आपदा स्थल का निरीक्षण किया।जहां पिटकुल विभाग के उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे।इस दौरान निदेशक परिचालन पिटकुल जी.एस. बुदियाल, मुख्य अभियंता एच.एस. ह्यांकी, अधीक्षण अभियंता एल एन. विष्ट तथा सहायक अभियंता गौरव कांडपाल की उपस्थिति में गहनता से निरीक्षण किया गया। डीएम ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। जिलाधिकारी के स्पष्ट किया कि राहत और बचाव कार्यों में लगी टीमों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाए। टावर डिस्मेंटलिंग कुशल टेक्नीशियन एवं एक्सपर्ट के निगरानी में यथासंभव की जाएगी। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि प्रशासन हर संभव सहायता प्रदान करेगा और समस्या के पूर्ण समाधान तक कार्य जारी रहेगा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, उपजिलाधिकारी प्रियंका रानी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल, ऊर्जा निगम के ईई मो. उस्मान, एसडीओ आनन्द खोलिया, पिटकुल के अधिशासी अभियंता मनीष कुमार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



# पटना में समाज सेवक सीमाब अख्तर को पत्रकार एहसान अंसारी ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**पटना:** मंगलवार को पटना में प्रसिद्ध समाज सेवक सीमाब अख्तर को पत्रकार एहसान अंसारी ने मुलाकात कर उन्हें उनके सामाजिक कार्य के लिए खास सम्मानित किया गया। सीमाब अख्तर समाज में खत्म हो रही मानवता के लिए अपने आर्टिकल और सोशल मीडिया के माध्यम से आवाज उठाने का कार्य करते है। सीमाब अख्तर मुस्लिम समुदाय का एक उभरता हुआ सितारा है जो पूरे देश में एक अलग ही पहचान बना चुका है। अपने सोशल मीडिया पर अन्याय और अत्याचार भ्रष्ट अधिकारी और नेताओं के खिलाफ बेबाक सवाल उठाए का कार्य करते आ रहे है। विशेष रूप से जब पत्रकार एहसान अंसारी सीमाब से मिले तो उन्हें मक्का मदीना का विशेष भेट कर सम्मान दिया। पत्रकार एहसान अंसारी ने कहा वो सीमाब अख्तर एक बेहद सम्मानित इंसान है जो समाज में खत्म हो रही इंसानियत सच्चाई बचाने का काम करते है। सीमाब अख्तर समाज में बेसहारा और परेशान लोगों की मदद करते है जिनका हम दिल से सम्मान करते है।

# कांग्रेस नेताओं ने बुके भेंट कर किया जोरदार स्वागत



वेलकम इंडिया

बुलंदशहर मंगलवार को कांग्रेस नेताओं ने शीर्ष नेतृत्व द्वारा जनपद बुलंदशहर के पूर्व चेयरमैन सुभाष शर्मा को शामली व सहारनपुर नोडल का कोआर्डिनेटर नियुक्त किए जाने पर उनके राजपथ पुरी बुलंदशहर स्थित आवास पर पहुंचकर नोडल कोऑर्डिनेटर सुभाष शर्मा को बुके भेंट कर स्वागत समारोह आयोजित किया। जिसको संबोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष कोऑर्डिनेटर ठाकुर राकेश भाटी, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष आदेश मुद्गल, जिला कोऑर्डिनेटर ज्ञानेंद्र सिंह राघव व शहर अध्यक्ष इंजीनियर रवि लोधी ने शीर्ष नेतृत्व का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सुभाष शर्मा जी द्वारा कांग्रेस पार्टी की गई लंबे समय तक सेवा को दृष्टिगत रखते हुए उनको शामली व सहारनपुर का नोडल कोऑर्डिनेटर बनाए जाने से कांग्रेस पार्टी के संगठन को मजबूती मिलने के साथ-साथ जनपद बुलंदशहर के नेता व कार्यकताओं में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा।

# बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों एवं कोचिग सेंटरों पर होगी कार्यवाही- डॉ अखिलेश यादव

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** ब्लॉक नोडल अधिकारी बलदेव डॉ अखिलेश यादव ने बलदेव ब्लॉक में संचालित समस्त राजकीय सहायता प्राप्त एवं स्व वित्तपोषित विद्यालयों के प्रधानाचार्य की एक अति आवश्यक बैठक श्री बलभद्र इंटर कॉलेज बलदेव में आहुत की ह्ल बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा शैक्षिक सत्र में शैक्षिक पंचांग के अनुपालन के साथ-साथ यू डाइस प्रोग्रेशन तथा इंस्पायर अवार्ड में पंजीकरण, स्काउट, रेडक्रॉस, खेलकूद प्रतियोगिता के संबंध में जानकारी दी। डॉ अखिलेश यादव ने बताया कि सभी विद्यालय द्वारा अनिवार्य रूप से किन्ही दो खेलों में विद्यार्थियों को प्रतिभाग कराया जाना है।इंस्पायर अवार्ड में अनिवार्य रूप से पांच विद्यार्थियों का पंजीकरण कराया जाना है।विभागीय आदेशों के क्रम में स्काउट का संचालन अनिवार्य है जिसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। ब्लॉक में सूचनाओं का आदान-प्रदान करने के लिए दस सेक्टर में ब्लॉक सह नोडल अधिकारी बनाए गए हैं।ब्लॉक में विद्यालय की संख्या को देखते हुए यह निर्णय लिया गया। ब्लॉक नोडल अधिकारी ने अंतिम चेतावनी देते हुए कहा कि सभी विद्यालय केवल मान्यता प्राप्त कक्षाएं एवं विषय में ही विद्यार्थियों को प्रवेश दें। तथा बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों व कोचिंग सेंटरों पर शीघ्र कार्यवाही हेतु अभियान चलाया जायेगा। जनपद में प्रदेश व मंडल स्टार की टीम के साथ-साथ जनपद स्तरीय टीम भी शैक्षिक पंचांग के अनुसार पठन-पाठन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरीक्षण एवं पर्यवेक्षक हेतु गठित की गई है।

बैठक व्यवस्था सुधाकर उपाध्याय एवं केपी सिंह प्रधानाचार्य बलभद्र इंटर कॉलेज की देखरेख में की गई। इस अवसर पर समस्त सह नोडल अधिकारी वीना सिंह, श्रीमती अर्चना सिंह, श्वेता पांडे, मीनाक्षी चौधरी, भवानी शंकर, बृजेश अग्निहोत्री, पवन कुमार ने अपने सेक्टर के विद्यालयों की उपस्थिति दर्ज कराई इस अवसर पर डॉ कमल कौशिक, शिवाजी यादव, सुधाकर उपाध्याय, के पी सिंह, राहुल सिंह राहुल सिकरवार, राजेश तोमर, भगवत प्रसाद सहित कई विद्यालयों के प्रधानाचार्य उपस्थित थे।

# डॉ. रीता जोशी का चयन उच्च शोध के लिए हुआ जापान के टोयोटा टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट में

वेलकम इंडिया




**बागेश्वर** (गरुड़)दिनेश नेगी, गरुड़ तहसील के छोटे से गांव मटेना (गरुड़) की होनहार बेटी डॉ. रीता जोशी ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उन्हें उच्च स्तरीय शोध कार्य के लिए जापान के टोयोटा टेक्नोलॉजिकल इंस्टीट्यूट (ळळक) में बतौर कमिशन्ड रिसर्चर चयनित किया गया है।डॉ. रीता जोशी के पिता मोहन चंद्र जोशी व्यवसायी हैं और माता शोभा जोशी गृहिणी हैं। रीता ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गरुड़ के सेंट एडम्स पब्लिक स्कूल से प्राप्त की। यहीं से उनके सपनों की नींव पड़ी। इसके बाद उन्होंने केन्द्रीय विद्यालय कौसानी से इंटरमीडिएट की पढ़ाई की और जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। स्नातक की पढ़ाई उन्होंने एसएसजे कैम्पस, अल्मोड़ा से की और जीबी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर से भौतिकी में परास्नातक (ट.रू.) पूरा किया।शोध कार्य के प्रति गहरी रुचि के चलते उन्हें भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (ककळ) रुड़की में पीएचडी हेतु चयनित किया गया।

# सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के निर्देशन में चला संयुक्त चैकिंग अभियान

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** वरिष्ठ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राजेश कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में अनाधिकृत रूप से संचालित वाहनों के प्रति गोवर्धन चौराहे पर सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक के साथ संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें कुल 06 वाहन बंद किये गये (जिसमें 02 कान्हा माखन पब्लिक स्कूल की बसें, 02 प्राइवेट बसें तथा 02 ईको सम्मिलित है) तथा कुल 17 वाहनों का चालान किया गया। एआरटीओ राजेश राजपूत ने जनपद के समस्त वाहन स्वामियों (बस/ट्रक/टैक्सी/टैम्पो)/ स्कूल प्रबंधक/प्रधानाचार्यों को निर्देश दिये है कि वे किसी भी दशा में बिना कर, बिना फिटनेस, बिना परमिट वाहन संचालित न करें। उक्त प्रपत्रों के बिना वाहन संचालित करते पाये जाने पर पंजीयन निलंबन / निरस्त करके विधिक कार्यवाही की जायेगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी वाहन स्वामी की होगी। यात्री / मालकर अधिकारी सुश्री पूजा सिंह द्वारा रिफाइनरी स्थित सभागार में वाहन चालकों, जनपद के गणमान्य व्यक्तियों एवं रिफाइनरी के अधिकारियों के साथ सड़क सुरक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें उनके द्वारा बढ़ते हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों को अपनाते हुए सड़क पर सुरक्षित चलने का अनुरोध किया गया। साथ ही उनके द्वारा बिना हेलमेट, बिना सीटबैल्ट, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने तथा ओवरलोडिंग करके वाहन संचालित न करने की सलाह दी गई, जिससे जनपद में सड़क हादसों में कमी लायी जा सके।

# वाहन चेकिग के दौरान बाघराय पुलिस के सिपाहियो पर जानलेवा हमला दोनो हमलावर गिरफ्तार

विजय द्विवेदी वेलकम इन्डिया

- तलाशी में अवैध तमंचा और कारतूस बरामद ।
- मौके पर मौजूद पुलिस बल ने हमलावर को हिरासत में ले लिया।

**प्रतापगढ़ ।** बाघराय थानान्तर्गत विहार क्षेत्र मे वाहन चेकिग कर रही पुलिस पर सदिग्ध बाइक को रोकने पर बाइक पर सवार लोगो ने चेकिग दौरान बाइक रोकने का प्रयस करने वाले दो सिपाहियो के ऊपर बाइक चढाने का प्रयास किया गया। जिसमे दोनो सिपाही बुरी तरह घायल हो गये।मौके पर मौजूद पुलिस बल ने हमलावर को हिरासत में ले लिया। तलाशी में अवैध तमंचा और कारतूस बरामद ।

सूत्रों की माने तो दो युवक और साथ में मौजूद रहे जिन्हें भी पुलिस साथ ले आई दो दिनों तक थाने में रखा तो , एक साथ रहे उन दोनों युवकों को किन शर्तो पर बाघराय पुलिस ने छोड़ा वह तो जिले के एस पी की जाँच पर दूध का दूध पानी का पानी होगा सी ओ करिश्मा गुप्ता की माने तो मुकदमा कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।सूत्रों की माने तो घटना स्थल विहार से बाघराय थाने ले आते तीनो युवकों की तस्वीरें कई कैमरों में कैद के साथ थाना में भी कैद हो सकता ऐसे में देखना ईमानदार एस पी कौन सा कदम उठाते है।

# प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त सोनू को कराया दोषमुक्त :- मोहित कुमार सक्सैना एडवोकेट

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर** :- आज तृतीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश त्वरित बुलंदशहर न्यायालय से अपर जिला जज महोदय शिवानंद द्वारा सत्र वाद संख्या 25/2019 ,सरकार बनाम अमित आदि , धारा :- 307,506,120 भारतीय दंड संहिता , थाना :- खानपुर में आदेश पारित किया गया जिसमें अभियुक्त सोनू की तरफ से प्रभावी पैरवी अजय कुमार लोधी एडवोकेट, मोहित कुमार सक्सैना एडवोकेट, वीरेश सिंह एडवोकेट, अमन गुप्ता एडवोकेट, गुड्डू कुमार एडवोकेट द्वारा की गयी और अन्य अभियुक्तों की तरफ से अन्य अधिवक्ताओं ने अपना प्रयास किया जिसमें आज न्यायालय द्वारा अभियुक्त अमित और जयकुमार उर्फ जैका को 7 वर्ष का कारावास और 40 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया और वहीं अभियुक्त सोनू को दोषमुक्त किया गया है। उक्त मामले में अभियुक्त सोनू के अधिवक्ता अजय कुमार लोधी ,मोहित कुमार सक्सैना, अमन गुप्ता से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि हमारे मुवक्किल को गलत तरीके से पुलिस द्वारा फसाया गया था। जिसमें आज हमें सफलता मिली है और हर अधिवक्ता का कार्य है अपने केस में पूरी तरह से मेहनत करना बाकी नतीजे कभी आपके पक्ष में होते है कभी आपके विपक्ष में होते है उससे एक अधिवक्ता को नहीं घबराना चाहिए। आज के नतीजे हमारे पक्ष में है आज न्यायालय द्वारा हमारे मुवक्किल को न्याय दिया गया है सभी लोग खुश हैं।

# उ.प्र.अपराध निरोधक के पदाधिकारी मुकुल शर्मा को मथुरा जेल प्रशासन ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** जनपद मथुरा में स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। आजादी के इस पावन पर्व को मनाने के लिए बच्चों युवाओं बुजुर्गों व समाज के हर वर्ग में जोश और जुनून दिखा। इसी क्रम में आजादी के 79वे स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर मथुरा कारागार अधीक्षक श्री अंशुमन गर्ग द्वारा समाजसेवी मुकुल शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समाजसेवी मुकुल शर्मा को मिला यह सम्मान समय-समय पर बंदियों के हितों में किए जाने वाले समाजिक कार्यों हेतु दिया गया है। समाजसेवी मुकुल शर्मा द्वारा बंदियों के लिए समय समय पर बंदियों के हितों के लिए कार्य किए जाते है।इस अवसर जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग द्वारा समाजसेवी मुकुल शर्मा के कार्यों कि प्रशंसा की गई। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज में किसी न किसी रूप में अपना योगदान अवश्य प्रदान करना चाहिए।

# जिलाधिकारी ने यमुनाजी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत केशीघाट का किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत वृंदावन स्थित केशीघाट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने यमुना जी के जलस्तर का अवलोकन किया। केशीघाट निरीक्षण में उन्होंने उपस्थित नाविकों एवं श्रद्धालुओं से वार्ता की। उन्होंने सभी से अपील की कि यमुना जी के निकट न जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घाटों के आस-पास निरंतर अनाउंसमेंट करते रहे कि यमुना जी के निजदीक न जाए। उन्होंने बैरियर एवं बैरीकेडिंग करने के निर्देश दिए तथा नियमित दूरी में चेतावनी के साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि नावों का संचालन पूर्णतः बंद है। उन्होंने कहा कि जनपद के अधिकारियों द्वारा निरंतर भ्रमणशील रहकर बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया जा रहा है। केशी घाट निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने यमुना जी के बढ़ते जलस्तर के दृष्टिगत तहसील छाता के ग्राम बाबूगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने आम-जनमानस से वार्ता, समस्याओं की जानकारी ली तथा अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने तहसील छाता के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय गुलालपुर में स्थापित बाढ़ शरणालय स्थल / राहत कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने राहत कैंप में मूल-भूत सुविधाओं का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने मेडिकल टीम को जिम्मेदारी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेडिकल टीम की उपस्थिति रजिस्टर तथा दवाओं को चेक किया। बाबूगढ़ निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी ने तहसील मांट के नौहझील क्षेत्रांतर्गत ग्राम छिनपारई बंगार का निरीक्षण किया। उन्होंने जलभराव के क्षेत्रों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित उप जिलाधिकारियों को क्षतिग्रस्त मकानों एवं जलभराव वाले खेतों का सर्वे ससमय पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# हापुड़ में अतिक्रमण पर बड़ी कार्रवाई रामलीला ग्राउंड बनेगा अस्थायी व्यापारियों का नया ठिकाना अभिषेक पांडेय

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी महोदय से गोल मार्केट, कोठी गेट, कसेरा बाजार व चंडी रोड के व्यापारी तथा स्थानीय निवासियों ने मुलाकात की। इस बैठक में नगर पालिका के पदाधिकारी और रामलीला समिति के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।व्यापारियों व आम जनता ने अतिक्रमण की समस्या को सामने रखा।जिलाधिकारी महोदय ने पूरी गंभीरता से इस समस्या को समझा और नगर पालिका को आदेशित किया कि जल्द से जल्द बाजारों से अतिक्रमण हटाया जाए।समाधान के रूप में यह निर्णय लिया गया कि जितने भी ठेले और अस्थायी दुकानदार हैं, उन्हें रामलीला ग्राउंड में स्थानांतरित (विस्थापित) किया जाएगा। इसके लिए रामलीला समिति और नगर पालिका के बीच अनुबंध कराया जाएगा।अनुबंध के उपरांत सभी अस्थायी व्यापारी रामलीला मैदान में ही अपना कार्य करेंगे। इसके पहले मानदी कराई जाएगी और नोटिस चस्पा किए जाएंगे, जिनमें स्पष्ट लिखा होगा कि निश्चित तिथि के बाद कोई भी दुकानदार अपनी दुकान के आगे अतिक्रमण नहीं करेगा।दुकानदारों की हद का रेखांकन (मार्किंग) किया जाएगा। यदि कोई व्यापारी रेखांकन से आगे दुकान लगाता है, तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी और जुमार्ना वसूला जाएगा इस अवसर पर बड़ी संख्या में व्यापारी और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# बहादुरगढ़ पुलिस ने रामलखन हत्याकांड का हुआ खुलासा,प्रॉपर्टी विवाद में बड़े भाई ने फावड़े से की थी हत्या

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद के बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान व एसएसआई बनी सिंह की पुलिस टीम ने रामलखन हत्याकांड का खुलासा करते हुए हत्या आरोपी बड़े भाई यशपाल को हत्या में इस्तेमाल किए गए फावड़े के साथ गिरफ्तार कर लिया है। हापुड एएसपी विनीत भटनागर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया है कि बड़े भाई यशपाल ने शराब के नशे में प्रॉपर्टी विवाद के चलते छोटे भाई राम लखन की फावड़े से मार कर हत्या कर दी थी। आज बहादुरगढ़ पुलिस ने हत्यारोपी भाई यशपाल को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है राम लखन शराब पीने का आदी था और मनमाने ढंग से प्रॉपर्टी को बेच रहा था इसी बात को लेकर यशपाल और राम लखन के बीच आपस में विवाद हुआ पहले दोनों ने साथ बैठकर शराब की और उसके बाद विवाद होने पर दोनों में मारपीट हुई इसके बाद यशपाल ने फावड़े से राम लखन को मौत के घाट उतार दिया।

# खीरी कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

**वेलकम इंडिया**

**लखीमपुर खीरी।** खीरी कस्बे में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के उद्देश्य से थाना अध्यक्ष निराला तिवारी तथा उप निरीक्षक साहब लाल ने पर्याप्त पुलिस बल के साथ कस्बे में पैदल गश्त किया।गश्त के दौरान पुलिस टीम ने बाजार, प्रमुख मार्गों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों का निरीक्षण कर लोगों से संवाद भी किया। थाना अध्यक्ष ने बताया कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने एवं नागरिकों को सुरक्षित माहौल उपलब्ध कराने के लिए पुलिस सतर्क है।

थाना अध्यक्ष निराला तिवारी व उप निरीक्षक साहब लाल ने स्थानीय नागरिकों से शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।

# रानी झांसी को नमन करते हुये सदर बाजार में प्रतिमा तले दी उन्नीस की सलाम



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** मानव विकास संस्थान के तत्वावधान में इंजी. पी एन गुप्ता की अध्यक्षता , राष्ट्रीय कन्वीनर अशोक अग्रवाल काका के सानिध्य एवं विशेष आमन्त्रित एडवोकेट गौरव माहेश्वरी की उपस्थिति में आज रानी झांसी की प्रतिमा तले उन्हें नमन करते हुए सलामी दी गयी। आरम्भ में अतिथियों ने रानी झांसी के कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए आगामी पीढ़ी के बच्चों को उनके जीवन से प्रेरित होने का आवाहन किया। विशेष रूप से सलामी में उपस्थित गौरव माहेश्वरी ने कहा सलामी कार्यक्रम को निरन्तर मानव विकास संस्थान रानी की जन्म की तिथि के दिन माह की प्रत्येक उन्नीस तारीख को सलामी देते हुए उन्हें नमन करता आया है। आर्य कन्या महाविद्यालय की एन सी सी कैडेट्स सार्जेंट काजल शाक्या खुशी यादव, निकिता वंशकार, शोभना कुशवाह, नंदनी, कंचन बाल्मीक, मोना वाल्मीकि के साथ - साथ सभी ने रानी लक्ष्मीबाई की प्रतिमा को नमन करते हुए सलामी दी। सभी ने रानी झांसी अमर रहें अमर रहें व रानी तेरा वो बलिदान - याद करेगा हिन्दुस्तान के नारे लगाए। वन्देमातरम्व भारत माता की जय से वातावरण गुंजायमान हुआ। कार्यक्रम में सुनील सक्सेना , प्रदीप अग्रवाल , मनोज अरोरा , विजय माली व अजय साहू के अतिरिक्त गण मान्य नागरिकों ने सक्रिय सहयोग किया। सभी के प्रति आभार संस्थान सचिव अनिल कुमार साहू ने व्यक्त किया।

# सोने चांदी के लाखों रुपए कीमत की जेवरात चुरा ले गए चोर



**वेलकम इंडिया**

**झांसी!** ककरबई झांसी ककरवई थानाअंतर्गत ग्राम कचीर में अज्ञात चोर रात्रि में सूने मकान में धाबा बोलकरअलमारी में रखें लाखों रुपए नगद तथा सोने चांदी के लाखों रुपए कीमत की जेवरात चुरा ले गए। ग्राम कचीर निवासी प्रताप सिंह पुत्र चतुर सिंह ने ककरवई थाने में प्रार्थना पत्र देते हुएबताया।की वह नागपुर में रहते हैं 9 जून को वह नागपुर चले गए थे 17 अगस्त को पिता ने मेंन गेट का ताला टूटा देखा तो उसने मकान के अंदर जाकर देखा कि घरमें कमरे में रखें अलमारी , बक्सा सूटकेस, अटैची सभी के ताले टूटे हुए पड़े थे तथा सामान अस्त व्यस्त बिखरा पड़ा हुआ था। पिता द्वारा सूचित करने पर वह कचीर आया। तथा घर में कमरे में जाकर देखा तो पता चला कि अलमारी में रखे हुए लाखों की नगदी तथा सोने चांदी के कीमती आभूषण अज्ञात चोर चुरा ले गए ।

# विद्यालय के प्रांगण में घुस गया बरसात का पानी शिक्षा हुई प्रभावित



**वेलकम इंडिया**

**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** ब्लॉक क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में बरसात का पानी भर जाने के कारण विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं की शिक्षा प्रभावित हो गई। बरसात के कारण अभिभावकों ने अपने बच्चे स्कूल नहीं भेजें प्रधानाध्यापक का कहना है कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है निस्तारण का आश्वासन दिया गया है।विगत कई दिनों से नगर एवं क्षेत्र में मूसलाधार बारिश का सिलसिला जारी है मूसलाधार बारिश हो जाने के कारण कई स्थानों पर जल भराव एवं सड़कों पर कीचड़ फैला हुआ है। मूसलाधार बारिश से ब्लॉक क्षेत्र के गांव असदपुर जिडाना के प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में नाले की सफाई नहीं होने के कारण गांव का बरसात का पानी विद्यालय के प्रांगण में भर गया। विद्यालय के प्रांगण में पानी भर जाने के कारण विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा पानी भर जाने के कारण विद्यालय में आने वाले दर्जनों छात्रों की शिक्षा प्रभावित हो गई। अभिभावकों ने अपने बच्चे स्कूल नहीं भेजें, विद्यालय में मात्र कुछ ही बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार के द्वारा बताया गया कि कैराना मार्ग निर्माण के दौरान सड़क की ऊंचाई ज्यादा हो जाने के कारण विद्यालय निचा पड़ गया और समय से नालों की सफाई नहीं हुई जिस कारण पानी की निकासी नहीं होने पर विद्यालय में पानी भर गया।

# नायब तहसीलदार की उपस्थिति में हुआ बीएलओ का प्रशिक्षण

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** मंगलवार को सेमरियावा ब्लाक सभागार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बीएलओ का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार, सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सेमरियावा ब्लाक सभागार में विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बीएलओ का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार राजेश कुमार ने कहा कि विशेष मतदाता पुनरीक्षण का काम पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी से करें। घर घर जाकर मतदाता सूची में जोड़ने, विलोपन, संशोधन करें। निर्वाचन आयोग के दिशा निदेर्शों का पालन करें।इस कार्य में किसी तरह की कोई भी लापरवाही न करें। इस अवसर पर सहायक विकास अधिकारी(पंचायत) दीप श्रीवास्तव, अमरेंद्र शाही, दुर्गेश गौड़, राघवेंद्र यादव, राधेश्याम जायसवाल आदि मौजूद रहे।

# तमंचा और तलवार के साथ फोटो वायरल के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी** थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में बाइक से पटाखे छोड़ने को लेकर हुए विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष ने तमंचे से फायरिंग करते हुए धारदार हथियारों से हमला किया था। पीड़ित पूर्व प्रधान ने डीआईजी सहारनपुर को पत्र सहित सबूत देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में धारा बढ़वाए जाने की मांग की है।पुलिस ने मामले में दोनों ओर से दर्जनों लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया था। थाना क्षेत्र के गांव आल्दी में शुभम, सागर, लक्ष्य, टीटू, नीरज ओर विनीत सहित अन्य युवक एक माह पहले डाक कांवड़ लेने के लिए हरिद्वार जा रहे थे।उक्त युवक बाइक लेकर जैसे ही संजय के मकान के पास पहुंचे, तो आरोप है कि उक्त युवक अपनी-अपनी बाइकों से पटाखे छोड़ने लगे।पीड़ित ग्रामीण संजय के विरोध करने पर आरोपियों ने अपने परिवारजनों के साथ मिलकर पीड़ितों पर हमला कर दिया था। जिसमें दोनों पक्ष के लोग आमने-सामने आ गए थे। झगड़े में आरोपियों की ओर से धारदार ओर अवैध हथियारों से हमला किया था।झगड़े में दोनों ओर से दर्जनों लोग घायल हो गए थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। आरोप है कि पुलिस ने मौके से एक खोखा भी बरामद किया था।पुलिस ने घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, ओर उपचार के बाद दोनों ओर से दर्जनों लोगों का शांति भंग की धारा में चालान कर दिया था। पुलिस ने मामले में पूर्व प्रधान सतीश कुमार की तहरीर पर उक्त आरोपियों के के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। घटना के बाद से आरोपियों के तलवार ओर तमंचे चलाते हुए फोटों ओर वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे हैं। जिसके बाद से पीड़ित पक्ष लगातार पुलिस से आरोपियों के खिलाफ मुकदमे में धारा बढ़वाए जाने की मांग कर रहे हैं। आरोप है कि पुलिस ने मामले में सबूत देने के बाद भी धारा नहीं बढ़ाई है।

# जस्टिस फॉर मनीषा:इस्लामपुर घसौली में निकाला कैंडल मार्च

**वेलकम इंडिया**



**कांधला! संवादाता मोहसीन रहमानी** हरियाणा के भिवानी जिले में प्ले स्कूल की शिक्षिका मनीषा हत्याकांड के विरोध में क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में ग्रामीणों ने कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान बेटी के हत्यारोपियों को सख्त से सख्त सजा दिए जाने की मांग की।इस दौरान दर्जन लोग मौजूद रहे ! हरियाणा राज्य के भिवानी जिले में हुए शिक्षिका मनीषा हत्याकांड की गूंज उत्तर-प्रदेश के शामली जनपद में भी पहुंच गई है।थाना क्षेत्र के गांव इस्लामपुर घसौली में ग्रामीणों के द्वारा मनीषा हत्याकांड के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान ग्रामीणों ने हाथों में मोमबत्तियां व जस्टिस फॉर मनीषा के पोस्टर लेकर विरोध-प्रदर्शन किया।उन्होंने मनीषा के हत्यारों को फांसी पर लटकाए जाने की मांग की। साथ ही, हरियाणा व भारत सरकार से बेटियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु कड़े कानून बनाए जाने का अनुरोध किया। इस मौके पर राधे स्वामी, प्रेम सिंह, नरेश स्वामी, अंकुर बैरागी, डॉ. गोविंद स्वामी, रामभजन, अशोक बैरागी, गौरव बैरागी, कर्मपाल बैरागी, पालेराम स्वामी, जिले सिंह, बबलू स्वामी, पवन स्वामी, नितिन स्वामी, रामप्रसाद स्वामी, प्रकाश स्वामी समेत अनेकों ग्रामीण मौजूद रहे।

# गैंगरेप के तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**वेलकम इंडिया**



**बुलंदशहर**/अहार पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी समेत तीनों गैंगरेप के आरोपियों को गिरफतार कर माननीय न्यायालय के समक्ष किया पेश।ज्ञात हो कि अहार क्षेत्र के एक गांव में नौ अगस्त को एक किशोरी जंगल से पशुओं के लिए चारा लेने दोपहर बाद अकेली गई थी। वहां पहले से मौजूद तीन युवक उसे खींच कर एक ईख के खेत में ले गए थे।उसके साथ गैंगरेप किया और अश्लील वीडियो बनाई थी।13 अगस्त को किशोरी की मां अपने मायके में रक्षाबंधन का त्योहार मनाने के बाद शाम को घर लौटी तो रात में पड़ोसियों से मामले की जानकारी हुई थी। अगले दिन किशोरी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था।जब उसको उल्टियां होने लगी तो परिजनों को पता चला और तुरंत उसे लेकर जहांगीराबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे चिकित्सकों ने मेरठ के लिए रेफर कर दिया था।एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया।16 अगस्त को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। परिजन उसे लेकर गांव आए और उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था।इस संबंध में एक अधिवक्ता के साथ किशोरी की पीड़ित मां ने पुलिस को तहरीर दी।थाना प्रभारी अनु प्रताप सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर गहनता से जांच की।सूचना पाकर फोरेंसिक टीम पहुंची। उसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम और स्वाट टीम आरोपियों की धर पकड़ के लिए लगाई। पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी रितेश पुत्र मांगे सिंह निवासी बामनपुर को पकड़ लिया। उसके बाद कृष्ण पुत्र सूरज,रवि पुत्र किशनपाल निवासी बामनपुर को पकड़ लिया।अहार पुलिस ने तीनों अभियुक्तों को गिरफतार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है और साक्ष्य संकलन की कार्यवाही की जा रही है।

# नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए दिशा निर्देश

प्रवीण कुमार तिवारी



**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट सभागार में मंगलवार को जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद के सभी नगर निकायों की कार्यप्रगति, स्वच्छता व्यवस्था, अतिक्रमण नियंत्रण, राजस्व वसूली और विकास योजनाओं की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि नगर स्वच्छता समेत विभिन्न श्रेणियों में आने वाली रैंकिंग में जनपद की स्थिति बेहतर करने के लिए सभी निकाय गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों से अपेक्षा की कि स्वच्छता के प्रत्येक बिंदु पर समयबद्ध प्रगति दर्ज हो तथा फील्ड स्तर पर किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक मार्गों, फुटपाथों और नालियों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अतिक्रमण की स्थिति मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल विधिसम्मत कार्रवाई की जाए और जुमार्ना वसूला जाए। साथ ही, नगर निकायों में अवैध प्लाटिंग पर रोक लगाने के लिए भी ठोस कदम उठाए जाने के निर्देश दिए।बैठक में जिलाधिकारी ने नगर निकायों में निमार्णाधीन कल्याण मंडपों की प्रगति पर विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इन मंडपों का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जाए ताकि जनता को समय पर सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। तालाबों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर बोलते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक निकाय अपने-अपने क्षेत्र में स्थित तालाबों पर विशेष ध्यान दे। उन्होंने निर्देशित किया कि इन पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पाए तथा तालाबों को सुंदर और आकर्षक बनाने की दिशा में कार्य किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि तालाबों को साफ-सुथरा और सुरक्षित रखकर इन्हें आमजन के लिए उपयोगी बनाया जाए।जिलाधिकारी ने नगर क्षेत्रों में स्थित पार्कों को भी साफ-सुथरा और व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# खीरी थाना अध्यक्ष निराला तिवारी के नेतृत्व में ताबड़तोड़ कार्रवाई, दो बाइक चोर गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी।** पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा व अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में अपराध नियंत्रण व वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत खीरी थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है।थाना अध्यक्ष निराला तिवारी ने बताया कि उनकी टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए दो शातिर बाइक चोरों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान हरदम पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम महाराजनगर थाना खीरी व जितेंद्र कुमार पुत्र इन्द्रप्रसाद निवासी ग्राम बैरागर थाना खीरी के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके कब्जे से चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं, जिनमें पैशन प्रो (वढ32 खङ 3617), पैशन प्रो (बिना नंबर प्लेट, लाल रंग) दो अदद तथा सीडी डीलक्स (वढ34 अए 4254) शामिल हैं।थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों अभियुक्तों का आपराधिक इतिहास खंगालने पर कई गंभीर मुकदमों का पता चला है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 पटेल राठी, हे0का0 यशपाल सिंह, का0 शुभम गंगवार व का0 लोकेश कुमार शामिल रहे।

# आवारा कुत्तों के हमले जारी, दर्जनों लोगों ने कराया उपचार

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** नगर एवं क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक जारी है सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नगर पालिका एवं जिला प्रशासन आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी कदम नहीं उठा रहे है। अधिकारियों की लापरवाही से आए दिन नगर एवं क्षेत्र के लोग आवारा कुत्तों के शिकार हो रहे हैं सरकारी अस्पताल में पहुंचे कई महिला पुरुष व बच्चों ने एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई हैं। विगत कई माह से लगातार आवारा कुत्तों ने नगर एवं क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। आवारा कुत्तों के काटने से एक व्यक्ति वह एक किशोर की मौत हो चुकी है। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की हर गली-मोहल्ले में आवारा कुत्तों की टोली दिखाई पड़ती है। क्षेत्र के लोग आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए प्रशासन से मांग कर चुके हैं इसके बावजूद भी प्रशासनिक अधिकारी आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा। विगत दिनों सुप्रीम कोर्ट ने आदेश जारी किए थे कि आवारा कुत्तों को पड़कर उन्हें शेल्टर होम यानी आश्चय ग्रह भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद भी नगर पालिका व जिला प्रशासन पकड़ने के लिए कोई भी ठोस कदम नहीं उठा रहा है। मंगलवार को कस्बा निवासी नेहा, एजाज, एलिजा, नईमूल, आस मोहम्मद, पूजा, उज्जैब, नीरज, सहित आदि लोगों को आवारा कुत्तों ने काटकर घायल कर दिया। सभी पीड़ितों ने सरकारी अस्पताल में पहुंचकर एंटी रेबीज की वैक्सीन लगवाई। आवारा कुत्तों के खौफ से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग अपना जीवन गुजार रहे हैं।

पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम का कहना है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के निर्देश पालिका प्रशासन को प्राप्त नहीं हुए हैं निर्देश प्राप्त होते ही आवारा कुत्तों को पकड़ने का अभियान चलाया जाएगा सुप्रीम कोर्ट के जो आदेश जारी हुए वह केवल नगर निगम के लिए हुए हैं।

# लखीमपुर-सीतापुर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में कोहिनूर गैंग का पदार्फाश

वेलकम इंडिया



**लखीमपुर खीरी/सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा के संयुक्त निर्देशन में सीतापुर व लखीमपुर खीरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कुख्यात कोहिनूर गैंग का पदार्फाश किया। पुलिस ने गैंग के चार सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी, सोने-चांदी के आभूषण, अवैध हथियार और चार मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।गैंग में शामिल अपराधी अमीश कुमार पासी, शिवम जायसवाल, प्रांशु उर्फ प्रियांशु वर्मा और संदीप वर्मा उर्फ सचिन सभी सीतापुर जनपद के रहने वाले हैं। यह गैंग वारदातों को मिशन कोहिनूर नाम देकर अंजाम देता था। योजना के तहत तीन बाइकों का इस्तेमाल होता था–एक आगे जाकर रास्ता देखती, दूसरी से पीड़ित को रोका जाता और तीसरी से तमंचा दिखाकर लूटकर फरार हो जाते।गैंग ने कुछ दिन पूर्व खीरी थाना क्षेत्र में भी लूट की कोशिश की थी। इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने स्थानीय निवासी को रोककर उसका बैग छीनने का प्रयास किया था। विरोध करने पर आरोपियों ने हवाई फायरिंग की और भीड़ जुटने पर फरार हो गए। इस मामले में खीरी थाने पर मुकदमा दर्ज किया गया था।गिरफ्तारी के बाद आरोपियों ने सीतापुर और खीरी जनपद में कई लूट और चोरी की वारदातों की बात स्वीकार की है। गैंग का सरगना अमीश पासी पहले भी लूट और चोरी के मामलों में जेल जा चुका है।इस कार्रवाई में थाना सकरन प्रभारी निरीक्षक विजयेंद्र सिंह, थाना लहरपुर प्रभारी निरीक्षक नवनीत मिश्रा, उप निरीक्षक लाल बहादुर मिश्रा, हेड कांस्टेबल अविनाश सिंह, एसओजी प्रभारी अतुल वर्मा और उनकी टीमों के साथ खीरी जनपद से थाना खीरी के प्रभारी निरीक्षक निराला तिवारी व उनकी टीम का अहम योगदान रहा।पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक खीरी संकल्प शर्मा ने संयुक्त पुलिस टीम की इस बड़ी सफलता पर संतोष जताते हुए कहा कि अपराधियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## कूड़े और गंदगी के ढेर से भरे नाले से उठ रही दुर्गंध

**जैदपुर बाराबंकी।** हरख ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत गोठिया गांव के बीच में स्थित नाले की स्थिति जर्जर अवस्था में पहुंच चुकी है। और साफ सफाई न होने से पूरा नाला कूड़े के ढेर और जंगल में तब्दील हो गया है। स्थानीय लोगों ने जानकारी देते हुए बताया है कि करीब 4 वर्ष पूर्व इस नाले की साफ सफाई कराई गई थी। इसके बाद से कभी भी नाले की साफ सफाई नहीं कराई गई। वही नाले के ऊपर रखे गए ढक्कन भी टूटे होने के कारण बच्चों के गिरने और जहरीले जीव जंतुओं के निकलने की आशंका बनी रहती है। इतना ही नहीं जोरदार बारिश में नाले के ऊपर सड़कों पर और घरों में भी गंदे पानी का प्रवाह होता है जिससे आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि नल से मच्छर पनप रहे हैं जिससे संक्रमणीय बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। पास में ही रहने वाली महिला शांति देवी ने बताया की इसी वजह से उनके तीन बच्चों की तबीयत बेहद खराब हो गई और काफी दवा इलाज करने के उपरांत तबीयत में सुधार हुआ। वह संबंध में हरख खंड विकास अधिकारी से फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर बालिका की हुई मौत

**सिद्धौर बाराबंकी** ।असंद्रा थाना क्षेत्र में मंगलवार को कच्ची दीवार गिरने से मलबे में दबकर एक बालिका की मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम को भेजा है । यह दर्दनाक हादसा थाना क्षेत्र के बाजपुरा मजरे भेड़िया गांव का है ।यहां के निवासी राम नेवाज की दस वर्षीय पुत्री सोनिका सुबह घर के पास खड़ी थी तभी कच्ची दीवार अचानक भरभराकर गिर गई ।जिसकी जद में आकर बालिका घायल हो गई ।परिजन घायल बालिका को एक निजी अस्पताल ले गए जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई ।दोपहर में घर लाते समय रास्ते में बालिका ने दम तोड़ दिया ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया ।ग्रामीणों के अनुसार बीते दिनों हुई बारिश से कच्ची दीवार जर्जर हो गई थी ।

## जलजीवन मिशन के अंतर्गत बनी पानी की टंकी से की जा रही है खेतों की सिंचाई

**प्रवीण कुमार तिवारी,बाराबंकी।** जनपद के तहसील रामसनेहीघाट अंतर्गत जल जीवन मिशन योजना के तहत बनी पानी की टंकी से घरों में भले ही जलापूर्ति नहीं हो पा रही है,लेकिन पानी टंकी से खेतों में सिंचाई की जा रही है ।आपरेटर व जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा किसानों के खेतो? की सिंचाई कर कमाई का जरिया बना लिया गया है। भाकियू धर्मेंद्र गुट के प्रदेश प्रभारी मायाराम यादव ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही किए जाने की मांग की। भाकियू नेता ने बताया कि बनीकोडर ब्लॉक क्षेत्र के दुल्लापुर ग्राम पंचायत के सोहासा गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण कार्य अभी अधूरा पड़ा हैं ।गांव में अभी पाइप लाइन टोटी का भी काम अधूरा पड़ा है ।योजना का उद्देश्य है कि हर घर में शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके ।काम की धीमी प्रगति के चलते अभी घरों में पानी नहीं पहुंच सका है ।इससे ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। रास्ते भी सही नहीं बनाते गये वहीं पानी के लिए बनी जल जीवन मिशन टंकी को कमाई का जरिया बना लिया गया है ।इस पानी टंकी से जीन पाइप लगाकर धान के खेतों की सिंचाई कर किसानों से वसूली का खेल चल रहा है। वहीं पाइप लाइन अधूरी होने के साथ घरों में पानी न पहुंचने से ग्रामीणों में नाराजगी भी है।

# चौकी में व्यापारी को बुलाकर जबरन लिखवाया फैसला नामा, हेड कांस्टेबल पर गाली-गलौज और अभद्रता का आरोप

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता




**बरेली।** मणिनाथ के प्रतिष्ठित व्यापारी और मणिनाथ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष नीरज वर्मा ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को शिकायती पत्र भेजा है। व्यापारी का आरोप है कि मणिनाथ चौकी पर बुलाकर हेड कांस्टेबल अमित कुमार ने उनसे गाली-गलौज की, समझौते के लिए दबाव बनाया और धमकी दी, कि यदि समझौता नहीं किया तो उन पर ही मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया जाएगा। दरअसल नीरज वर्मा, जो साई ज्वेलर्स (मणिनाथ चौकी के सामने) के संचालक हैं, ने बताया है कि 16 अगस्त की शाम 7:15 बजे उन्हें चौकी बुलाया गया। वहां उनके भाई सूरज वर्मा, उसकी पत्नी अंकिता धवन और दो अन्य लोग पहले से मौजूद थे। चौकी पर पहुंचते ही हेड कांस्टेबल अमित कुमार ने गालियां दीं और केस में समझौते का दबाव बनाया। विरोध करने पर उन्हें जेल भेजने की धमकी दी गई। दबाव में व्यापारी को चौकी में ही फैसला-नामा लिखने को मजबूर होना पड़ा। नीरज वर्मा ने अपने शिकायती पत्र में बताया है कि उन्होंने अपने भाई सूरज वर्मा और उसकी पत्नी अंकिता धवन के खिलाफ 500 ग्राम सोने के गवन का प्रार्थना पत्र पुलिस को दिया था। उसी मामले में उन्हें चौकी बुलाया गया था। व्यापारी का कहना है कि वह रजिस्टर्ड जीएसटी धारक और मणिनाथ व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष हैं। ऐसे में उनके साथ अभद्रता पूरे व्यापारी वर्ग का अपमान है। व्यापारी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे पत्र में मांग की है कि मणिनाथ चौकी के हेड कांस्टेबल अमित कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाए और उनके खिलाफ विभागीय जांच कराई जाए। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी वर्ग आंदोलन को बाध्य होगा।

## मामूली विवाद में युवक को दौड़ा दौड़ाकर लाठी-डंडों से पीटा

**बरेली।** थाना भमोरा क्षेत्र में गांव भीकमपुर निवासी धर्मपाल को कुछ युवकों ने बेरहमी से दौड़ा दौड़ाकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस घटना को लेकर पीड़ित धर्मपाल ने बताया है कि वह सोमवार शाम अपने भाई उमेश के साथ बाइक से कुड्डा गांव की साप्ताहिक बाजार गए थे। बाजार में उमेश के ही गांव के निवासी सुभाष से किसी बात पर विवाद हो गया। आरोप है कि जब उन्होंने विवाद टालने और भाई को बचाने की कोशिश की तो सुभाष, फूल सिंह, सत्येंद्र और राजवीर ने उन पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से धर्मपाल को जमकर मारा पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। इसी बीच किसी ने मारपीट का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची।

# प्लॉट के विवाद में बुजुर्ग की मौत, परिजनों ने कहा सदमे में गई जान

वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता



**बरेली।** बारादरी थाना क्षेत्र में प्लॉट को लेकर चले विवाद ने सोमवार देर रात एक बुजुर्ग की जान ले ली। बुजुर्ग की मौत के बाद परिजनों ने आरोप लगाया है कि पड़ोसियों से मारपीट और उसके बाद हुए समझौते के दबाव ने उन्हें गहरे सदमे में डाल दिया, जिससे उनकी जान चली गई। जानकारी के अनुसार बारादरी थाना क्षेत्र के डोहरा गौंटिया निवासी 60 वर्षीय राजेश उर्फ पप्पू ने पड़ोसी श्याममूर्ति समेत अन्य लोगों पर प्लॉट के पीछे मारपीट करने का आरोप लगाया था। उस दौरान राजेश के 16 वर्षीय भतीजे मोहित की नाक पर चोट आई थी। हालांकि, उस वक्त परिजनों ने लिखित तहरीर नहीं दी थी। सोमवार को राजेश ने तहरीर दी, जिसमें आरोप लगाया गया कि दूसरे पक्ष ने घर में घुसकर हमला किया। इस आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। इस बीच, मोहल्ले के लोगों के दबाव में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया। लेकिन सोमवार देर रात स्थिति बिगड़ गई। सूचना मिली कि राजेश की मौत हो गई है और उनका शव अस्पताल के सामने एंबुलेंस में रखा है। जिसके बाद परिजनों ने नई तहरीर देकर पुलिस से कहा कि समझौते के बाद से राजेश मानसिक रूप से टूट गए थे। उन्हें यह बेइज्जती और तनाव बर्दाश्त नहीं हुआ, जिसके चलते उनकी मौत हो गई। वहीं इस मामले को लेकर बारादरी थाना प्रभारी धनंजय पांडेय ने बताया है कि परिजनों की नई तहरीर के आधार पर एक और रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# इज्जतनगर थाना क्षेत्र में नई परंपरा पर बवाल, चादर के जुलूस को लेकर हंगामा, पुलिस पर लाठीचार्ज करने का लगा आरोप

वेलकम इंडिया/चरन सिंह



**बरेली।** थाना इज्जतनगर क्षेत्र के खजुरिया और रहपुरा चौधरी गांव में मंगलवार को निकाले गए चादर के जुलूस ने सांप्रदायिक तनाव का रूप ले लिया। हिन्दू समुदाय ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान की मिलीभगत और पुलिस की शह पर गांव में नई परंपरा डालने की कोशिश की जा रही है। इसका विरोध करते हुए लोगों ने नारेबाजी की और फिर देखते ही देखते हंगामा खड़ा हो गया। इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पहले केवल गांव से चादर जाती थी, लेकिन इस बार डीजे, झंडों और नारेबाजी के साथ जुलूस निकाला गया। उन्होंने इसे नई परंपरा करार देते हुए कहा है कि इससे गाँव का माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है। इस दौरान दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और पुलिस को मौके पर पहुंचकर हस्तक्षेप करना पड़ा। गांव वालों का आरोप है कि पुलिस ने विरोध करने वालों पर मारपीट और लाठीचार्ज किया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में भीड़ के साथ पुलिस की झड़प और लाठियां फटकारती हुए पुलिसकर्मी भी दिखाई दे रहे हैं। विरोध कर रहे लोगों ने पुलिस पर घूस लेकर अनुमति देने और पक्षपात करने का भी आरोप लगाया है।

इज्जतनगर क्षेत्र के खजुरिया और रहपुरा चौधरी गांव में जुलूस निकालने के दौरान कुछ लोग विरोध कर रहे थे। पुलिस पर लगे आरोपों की जांच की जा रही है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। फिलहाल गांव में शांति है और किसी तरह का तनाव नहीं है। **-अनुराग आर्य, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, बरेली।**

# शिक्षा इनिशिएटिव, शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापकों को शिक्षा डिजिटल सामग्री और उसके उपयोग हेतु लैपटॉप किए वितरण

वेलकम इंडिया




बुलंदशहर शिक्षा इनिशिएटिव, शिव नाडर फाउंडेशन द्वारा बुलंदशहर के जिलाधिकारी सभागार में सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापकों के लिए शिक्षा डिजिटल सामग्री और इसके उपयोग हेतु लैपटॉप वितरित किए गए ।शिक्षा इनिशिएटिव द्वारा प्रदेश के 34 जिलों के 3076 प्राथमिक/संविलियन विद्यालयों में एलीमेंट्री कार्यक्रम संचालित है । कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 1 और 2 में डिजिटल लर्निंग कंटेंट के माध्यम से पठन-पाठन कार्य विगत 15 वर्षों से संचालित है इसी क्रम में बुलंदशहर जिले के विकास खंड सिकंदराबाद में 30 चयनित विद्यालयों में भी यह कार्यक्रम संचालित है ।चयनित उक्त विद्यालयों के 13 विद्यालयों में शिक्षा इनिशिएटिव के प्रशिक्षित शिक्षक और 17 विद्यालयों में परिषदीय शिक्षक भी कउळ के सहयोग से शिक्षण कार्य में संलग्न हैं तकनीकी शिक्षण अधिगम को जारी रखने के लिए संस्था द्वारा इन 17 विद्यालयों में लैपटॉप वितरित किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित जिला अधिकारी श्रुति, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ लक्ष्मी कान्त पाण्डेय, शिक्षा इनिशिएटिव, शिव नाडर फाउंडेशन के परियोजना निदेशक रोबिन सरकार और वरिष्ठ परियोजना प्रबन्धक ललितेंद्र भारतीय ने अपने कर कमलों से सरकारी प्रधानाध्यापकों को संस्था की ओर से तकनीकी शिक्षण अधिगम जारी रखने के लिए लैपटॉप प्रदान किए।शिव नाडर फाउंडेशन एक परोपकारी संगठन है जिसकी स्थापना शिव नाडर, एचसीएल के संस्थापक ने 1994 में की थी। शिक्षा इनिशिएटिव फाउंडेशन के प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है, जो शिक्षा सुधार और नवाचार के लिए प्रतिबद्ध है।

# दर्जनों गावों को फिर मिलेगी रोडवेज बस की सुविधा: नीरज त्यागी

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। वर्षों से ग्राम मुकारी से मोदीनगर के लिए रोडवेज बस की सुविधा के लिए दर्जनों गावों के लोग गुहार लगा रहे थे। भाजपा किसान मोर्चे के जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी ने बताया कि ग्रामवासियों ने इसी समस्या को लेकर उनसे सम्पर्क किया तो उन्होंने उत्तरप्रदेश परिवहन निगम के रीजनल मैनेजर से फोन पर संपर्क किया और अगले ही दिन कुछ ग्रामीणों के साथ आरट्ट एमट्ट के साथ बैठक कर इस समस्या के त्वरित समाधान को कहा। नीरज त्यागी ने बताया कि आर एम ने उसी दिन शाम तक कौशाम्बी और हापुड़ डिपो के एट्टआरट्टएमट्ट को पत्र जारी करते हुए त्वरित बस सेवा पुनः शुरू करने के लिए निर्देशित किया और आदेश की प्रतिलिपि उन्हें भी भेज दी। जिस पर नीरज त्यागी ने उनका आभार व्यक्त किया और ग्रामीणों को यह खुशखबरी दी। क्षेत्र के ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने नीरज त्यागी का फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से धन्यवाद किया। जिलाध्यक्ष नीरज त्यागी ने बताया की दर्जनों गावों के नौकरी करने वाले युवा अब बस से मोदीनगर आकर ट्रैन से दिल्ली एनसीआर आ जा सकेंगे। पढ़ने वाले सैंकडों बच्चे मोदीनगर कॉलेज आ जा सकेंगे और आम ग्रामीण भी निर्बाध रूप से मोदीनगर आवागमन कर सकेंगे। उत्तरप्रदेश परिवहन निगम की कौशाम्बी डिपो एवं हापुड़ डिपो से चलने वाली इस बस सेवा से ग्राम मुकारी से मोदीनगर के बीच पड़ने वाले दर्जनों गाँव जैसे मवीकलां, सिखेड़ा, डी जे कॉलेज, नगर पंचायत निवाड़ी और पतला, खिंदौड़ा, मोहम्मदपुर आमद बागपत आदि जुड़ जायेंगे। नीरज त्यागी ने बताया कि योगी सरकार आमजन और मुख्यतः ग्रामीणों की सेवा में सदैव तत्पर है।

# विधायक डॉ मंजू सिवाच ने विधायक निधि से निर्मित दो निर्माण कार्यों का किया लोकार्पण



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक डॉ मंजू सिवाच ने विधायक निधि से निर्मित दो निर्माण कार्यों का लोकार्पण विधिवत फीता काटकर किया गया। विधायक डॉ मंजू शिवाच ने ग्राम तलहैटा में मुख्य मार्ग से श्मशान घाट तक इंटरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस कार्य पर लगभग 5.26 लाख की लागत व्यय हुई है। ग्राम चुड़ियाला में मुख्य मार्ग से मेमपाल के खेत तक इण्टरलॉकिंग टाइल्स निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस कार्य पर लगभग 4.89 लाख की लागत व्यय हुई है। इन दोनों विकास कार्यों से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सुविधा प्राप्त होगी तथा गांवों के सर्वांगीण विकास को नई दिशा मिलेगी। लोकार्पण अवसर पर विधायक ने ग्रामीणों से भेंटकर उनका हालचाल जाना तथा उनकी समस्याओं एवं सुझावों को ध्यानपूर्वक सुना। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख सुचेता सिंह, अमित चौधरी, दीपक (मण्डल अध्यक्ष), नीटू चौधरी, संदीप, नरेंद्र प्रधान, हरेंद्र, महेंद्र आदि उपस्थित रहें।

# विवाहिता की गला रेतकर हत्या: ससुराल पक्ष फरार



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत मोदीनगर-हापुड़ मार्ग पर स्थित ग्राम औरंगाबाद गदाना में बीती रात लगभग 26 वषीर्या स्वाति पत्नी विजेंद्र की गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। हत्या की वारदात के बाद पति सहित ससुराल पक्ष के सभी सदस्य फरार बताए गए हैं। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया तथा सघन जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार टायर पंचर लगाने वाले जितेंद्र कुमार की शादी तीन साल पहले मुजफफरनगर क रहने वाली स्वाति से हुई थी। शादी के बाद से दोनों के बीच विवाद चल रहा था। कुछ समय बाद दोनों पक्षों के गणमान्य लोगो की मौजूदगी में हुए समझौते के बाद जितेंद्र अपनी पत्नी स्वाति को घर ले आया था।लेकिन फिर भी दोनो के बीच झगडे होते रहते थे। मंगलवार की सुबह फिर दोनो के बीच विवाद गहरा गया। इसी दौरान जितेंद्र ने धारदार हथियारों से स्वाति की हत्या कर डाली। यह जानकारी जब ग्रामीणों को मिली तो उन्होने पुलिस को सूचना दी। हत्या की खबर मिलते ही डीसीपी सुरेंद्र नाथ तिवारी, एसीपी अमित सैक्सना, थाना प्रभारी नरेश शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। तो पाया कि मृतका का शव खून से लथपथ बेड पर पडा है। पुलिस की फोरेसिंक टीम ने घटनास्थल पर बारीकी से जांच की। इस बीच मृतका स्वाति की बहन व उसके पिता भीआ गये। उन्होने पुलिस को जानकारी दी कि शादी में इच्छा अनुसार दहेज न मिलने से जितेंद्र नाराज था और वह अपनी पत्नी स्वाति के साथ बहशी पने की हरकत करता था और बात ना मानने पर आरोपी पति अपनी पत्नी के साथ मार पीट कर प्रताड़ित करता था। आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया है और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं। उधर, पुलिस की तीन टीमें आरोपी पति जितेंद्र की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही हैं।

# मोदीनगर रेलवे स्टेशन के जीणोद्धार कार्यों का रेलवे बोर्ड के सदस्य ने किया निरीक्षण

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। मोदीनगर रेलवे स्टेशन के जीणोद्धार कार्यों का रेलवे बोर्ड के सदस्य एस के जैन ने मंगलवार को अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया और रेलवे के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। रेलवे बोर्ड के सदस्य एस के जैन अपनी पूरी टीम के साथ मोदीनगर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करने पहुंचे। केंद्र सरकार की योजना के तहत यहां 25 करोड रुपए खर्च कर रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। श्री जैंन ने एक एक चीज का बड़ी बारीकी से निरीक्षण किया। इस मौके पर मोदीनगर के पत्रकारों ने उनसे यहां देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन को रोकने के लिए निवेदन किया। देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन पहले यहां रुक करती थी लेकिन करोना के समय मे इसको यहां रुकना बंद कर दिया। इस ट्रेन से यात्रा सुविधा के लिए लोगों को अब मेरठ या गाजियाबाद जाना पड़ता है, जिस पर समय और पैसे की बबार्दी होती है। रेलवे स्टेशन परिसर में बने एक बहुत ही प्राचीन मंदिर के बारे में बताया कि वह रेलवे की संपत्ति है लेकिन उसकी हालत काफी खस्ता है इसका जीर्णोद्धार कराया जाए। उनको अवगत कराया है कि मोदीनगर स्टेशन एनसीआर के क्षेत्र में आता है और यहां से गुजरने वाली सभी ट्रेनों को यहां रोका जाए, जिससे कि आने जाने वाले लोगों को यात्रा सुविधा मिल सके। उनको यह भी अवगत कराया की मोदीनगर और आसपास इलाके के 25 से 30 हजार लोग प्रतिदिन दिल्ली, नोएडा अन्य जगह में नौकरी करने जाते हैं। ट्रेनों की कमी के चलते उनको भारी परेशानी हो रही है और ट्रेन सुविधा न होने की वजह से उन्हें चार्टर्ड बसों का सहारा लेना पड़ता है।

# बरेली के एक अल्ट्रासाउंड सेंटर की रिपोर्ट में डिलीवरी का समय 18 महीन

वेलकम इंडिया/ मोहम्मद खालिद

**बरेली**। बहेड़ी थाना क्षेत्र के लोधीपुर चौराहे पर स्थित नताशा अल्ट्रासाउंड सेंटर इन दिनों भारी विवादों में धिरा हुआ है। इसके पीछे की वजह है एक ऐसी फर्जी रिपोर्ट जिसने न सिर्फ आम जनता को हिला कर रख दिया है, बल्कि स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल, इस सेंटर ने गर्भवती महिला की जांच रिपोर्ट में बच्चे की डिलीवरी का समय 18 महीने बाद बताया है, जबकि सामान्यतः गर्भधारण की अवधि नौ माह से अधिक नहीं होती। सोशल मीडिया पर जैसे ही यह रिपोर्ट वायरल हुई, इलाके में सनसनी फैल गई। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की इस लापरवाही और सेंटर की मनमानी पर गुस्सा जाहिर किया है। आमजन




का कहना है कि यदि इस तरह के फजीर्वाड़े खुलेआम होंगे तो इसके परिणाम गंभीर हो सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, यह पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी इस सेंटर पर गलत रिपोर्ट जारी करने के मामले सामने आ चुके हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ औपचारिक जांच कर मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता रहा है। बरेली के स्वास्थ्य विभाग की इस चुप्पी ने भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिना ठोस कार्रवाई के ऐसे सेंटर खुलेआम मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ कर रहे हैं।

# पंजाबी संगठन के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। हरि मंदिर, मोदीनगर में पंजाबी संगठन एवं महिला पंजाबी संगठन को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया, जहाँ शब्द कीर्तन और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। राजीव जेटली ( अध्यक्ष सनातन हरि मंदिर) के आमंत्रण पर दोनों संगठनों के प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सम्मान शॉल ओढ़ाकर किया गया और उनके समाजहित के कार्यों की सराहना की गई। पंजाबी संगठन से अध्यक्ष श्री अजय ग्रोवर, जनरल सेक्रेटरी संजय नैयर, सीनियर वाइस प्रेसीडेंट राजकुमार ढींगरा, चीफ सेक्रेटरी राजा छाबड़ा, संजीव गुलाटी, राहुल बाहरी, उपाध्यक्ष दीपक ग्रोवर, कोषाध्यक्ष डॉ गौरव भाटिया एक्जीक्यूटिव मेम्बर रमेश नारंग और मीडिया इंचार्ज रमेश खुराना का सम्मान किया गया। महिला पंजाबी संगठन से अध्यक्षा श्रीमती डॉ. शालिनी नैयर, जनरल सेक्रेटरी श्रीमती पूनम ढींगरा, मीडिया इंचार्ज श्रीमती गीता मोहन अरोड़ा, चीफ सेक्रेटरी श्रीमती हर्षिता चैधरी और स्वास्थ्य सचिव श्रीमती करुणा गुलाटी और आशा ग्रोवर जी का सम्मान किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में पंजाबी संगठन के अध्यक्ष अजय ग्रोवर और महिला पंजाबी संगठन की अध्यक्षा डॉ. शालिनी नैयर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन समाज सेवा और पंजाबी समुदाय के उत्थान के लिए निरंतर कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में लवली, रोजी, मीना भल्ला, मीना चावला, कोमल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद से लखनऊ के लिये हवाई सेवा प्रारंभ किए जाने को लेकर सांसद ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को सौंपा पत्र

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)**। हिंडन एयरपोर्ट, गाजियाबाद से लखनऊ के लिये हवाई सेवा प्रारंभ किए जाने को लेकर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री से मुलाकात की व सांसद राजकुमार सागवान ने इस विषय के संबंध में पत्र भी सोपा। उन्होंने मंत्री जी को बताया कि आपको आम जनता की एक महत्वपूर्ण मांग से अवगत कराना चाहता हूँ। लखनऊ, उत्तर प्रदेश की राजधानी होने के कारण प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्री दिल्ली- लखनऊ की यात्रा करते हैं। इनमें पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपदों बुलंदशहर, हापुड़, नोएडा, मेरठ, मुजफ्फरनगर, शामली के साथ-साथ गाजिह्लयाबाद एवं पूर्वी दिल्ली के निवासी



भी शामिल हैं। वर्तमान में इन यात्रियों को प्रायरू दिल्ली एयरपोर्ट से उड़ान भरनी पड़ती है। जिसके कारण उन्हें अतिरिक्त समय, धन और संसाधन खर्च करना पड़ता। इससे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भी अनावश्यक दबाव बढ़ता है। यदि गाजियाबाद स्थित हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ के लिए नियमित हवाई सेवा प्रारंभ की जाती है तो यात्रियों को न केवल सुविधा प्राप्त होगी, बल्कि दिल्ली की सड़कों पर यातायात और प्रदूषण का बोझ भी कम होगा।विदित है कि हिंडन एयरपोर्ट से पहले से ही देश के अनेक प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएँ संचालित हो रही हैं। ऐसे में लखनऊ जैसी राजधानी के लिए उड़ान प्रारंभ करना यात्रियों के साथ-साथ विमानन कंपनियों के लिए भी निरूसंदेह लाभकारी सिद्ध होगा। पत्र मे आग्रह किया है कि संबंधित विमानन कंपनियों को हिंडन एयरपोर्ट से लखनऊ हेतु दैनिक हवाई सेवा आरंभ करने का निर्देश प्रदान करने की कृपा करें।मंत्री जी ने जल्द ही हिंडन से लखनऊ हवाई सेवा आरंभ करने का आश्वासन दिया है।

# वैदिक ज्ञान परंपरा और श्रावणी उपाकर्म विषय पर गोष्ठी सम्पन्न




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में मंगलवार को वैदिक ज्ञान परंपरा और श्रावणी उपाकर्म विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया। कोरोना काल से निरंतर जारी इस वेबिनार श्रृंखला का यह 734वाँ आयोजन था। इस अवसर पर देश के विद्वानों, अध्यापकों और संस्कृत प्रेमियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। गोष्ठी के मुख्य वक्ता एवं संस्कृत विभागाध्यक्ष, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के वैदिक विद्वान डॉ. रामचन्द्र ने कहा कि वेद ईश्वर की वाणी हैं और इन्हें अपौरुषेय कहा गया है। यह ज्ञान का महासागर हैं, जिनमें सनातन और शाश्वत सत्य सुरक्षित है। ऋग्वेद को दुनिया का सबसे प्राचीन ग्रंथ बताते हुए उन्होंने कहा कि भारत की सनातन ऋषि परंपरा में श्रावणी पूर्णिमा का दिन विशेष महत्व रखता है। इसी दिन उपनयन संस्कार एवं वेदारंभ के माध्यम से शिक्षा का आरंभ होता था। डॉ. रामचन्द्र ने बताया कि प्राचीन काल में इस दिन नदी में स्नान कर आश्रमों में वेद अध्ययन का संकल्प लिया जाता था।

# व्यापारियों की डीसीपी सिटी की अध्यक्षता में बैठक,समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा

वेलकम इंडिया



मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)। व्यापारियों की एक बैठक पुलिस लाइन गाजियाबाद में डीसीपी सिटी के अध्यक्षता में हुई। जिसमें व्यापारियों ने अपनी समस्याएं रखी और एक ज्ञापन के सौंपा।सोमवार को गाजियाबाद पुलिस लाइन के परमजीत हॉल में व्यापारी नेताओं की बैठक डीसीपी सिटी के नेतृत्व में की गई ।मोदीनगर व्यापार मंडल के अध्यक्ष अमित गोयल ने ६ बिंदुओं पर विषय उठाया। १.अधिकारियों को अवगत कराया गया कि मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र में अवैध ड्रोन उड़ने व चोरी की घटना दिन पे दिन बढ़ती जा रही है। जिसको पुलिस प्रशासन संज्ञान में अवश्य लें। शहरी क्षेत्र में ई रिक्शा के अतिक्रमण से जनता पूर्ण रूप से परेशान है।व्यापार मंडल ने मांग की कि सुचारू रूप से व्यवस्था शीघ्र होनी चाहिए। दो पहिया के चालान करने की व्यवस्था ट्रैफिक पुलिस के हाथ में है।इसके बावजूद भी थाने की सिविल पुलिस चालान कर आम नागरिकों का उत्पीड़न कर रही है। तिबडा रोड, सीकरी फाटक व हापुड़ रोड फाटक पर हद से ज्यादा जाम की व्यवस्था से परेशान होना पड़ रहा है। पुलिस प्रशासन को यहां की व्यवस्था के लिए होमगार्ड या कांस्टेबल की व्यवस्था करनी चाहिए। सरकारी व डग्गामार बस मेन रोड पर काफी देर तक खड़ी रहती है। बस से सवारी का उतरना व चढ़ना बिलकुल रोड के बीच में किया जा रहा है। जिस वजह से हाइवे की व्यवस्था खराब हो रही है ऐसे वाहनों के प्रति चालान की व्यवस्था अवश्य करनी चाहिए। 14 अप्रैल, 2020 को हरमपुरी निवासी अंकित जिंदल एफआईआर नंबर 216 जिनके घर पर कुछ अज्ञात लोगों ने गहने की व कैश की चोरी 1000000 की गई थी। आज तक वह केस का खुलासा नहीं हुआ इस। केस को तत्काल खोलने के लिए प्रयास करना चाहिए। बैठक में जिलाध्यक्ष प्रीतम लाल मोदीनगर अध्यक्ष अमित गोयल महामंत्री निर्दोष खटाना उपाध्यक्ष मधुसूदन शर्मा मुरादनगर इकाई अध्यक्ष कुंवर शैदा चैधरी आदि उपस्थित रहे।

# घर के अंदर लगे बिजली मीटर अब बाहर होंगे शिफ्ट

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। मुरादनगर क्षेत्र में विद्युत निगम की नियमावली की खुलेआम अवहेलना हो रही है। हजारों की संख्या में अब भी ऐसे मीटर घरों और संस्थानों के अंदर लगे हुए हैं, जबकि नियमों के मुताबिक सभी मीटर घर के बाहर लगाए जाने चाहिए।

निगम ने साफ कर दिया है कि जल्द ही ऐसे सभी मीटर बाहर शिफ्ट कराए जाएंगे। मीटर घरों के अंदर होने की वजह से न सिर्फ छेड़छाड़ की आशंका बनी रहती है, बल्कि मकान बंद होने पर रीडिंग लेना भी मुश्किल हो जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों और हाल के वर्षों में नगर पालिका में शामिल हुए इलाकों में बड़ी संख्या में अभी भी मीटर घरों के अंदर ही लगे हुए हैं। कई मकान मालिक शहर से बाहर रह रहे हैं या मकान बेचकर जा चुके हैं, लेकिन बिजली कनेक्शन अभी भी उनके नाम पर चालू है। ऐसे घरों में महीनों से रीडिंग नहीं हो पाती और बिल भी जमा नहीं किया जाता। निगम का कहना है कि इस कारण लाखों रुपये का राजस्व नुकसान हो रहा है। जब मकान मालिक लौटकर आते हैं तो बिल को लेकर हंगामा खड़ा करते हैं। निगम अधिकारियों के अनुसार आने वाले दिनों में बंद मकानों का विशेष सर्वे कराया जाएगा और मकान मालिकों से कनेक्शन सरेंडर करने की अपील की जाएगी। इससे राजस्व हानि रुक सकेगी और बिलिंग व्यवस्था सुचारु हो पाएगी। अधिशासी अभियंता दुर्गेश कुमार ने कहा कि जिन घरों में मीटर अंदर लगे हुए हैं, उन्हें जल्द ही बाहर शिफ्ट कराया जाएगा। इसके अलावा लंबे समय से बंद पड़े मकानों का भी सर्वे होगा और उनके कनेक्शन की स्थिति स्पष्ट की जाएगी। बिजली निगम की इस कार्रवाई से मीटरिंग सिस्टम पारदर्शी होगा, चोरी और छेड़छाड़ की आशंका कम होगी, साथ ही बिलिंग सिस्टम भी बेहतर तरीके से लागू हो सकेगा।

# सीडीओ की सख्त कार्यशैली से शिक्षा विभाग में आई नई दिशा

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। विकास भवन सभागार में मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल (आईएएस) की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक और विभागीय अधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सीडीओ ने अपनी स्पष्ट और परिणामोन्मुख कार्यशैली का परिचय देते हुए शिक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए ठोस दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में सीडीओ ने कहा कि जिले के सभी विद्यालयों की गुणवत्ता सुधारना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए उन्होंने निर्देश दिया कि बीटीएफ और डीटीएफ सदस्यों को विद्यालय निरीक्षण का कार्य सौंपा जाए और प्रत्येक सदस्य कम से कम एक विद्यालय को गोद लेकर निपुण भारत मिशन में अपनी सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालयों में जिम्मेदारी तय होनी चाहिए और हर स्तर पर सुधार का असर दिखना चाहिए। मुख्य विकास अधिकारी ने एफएलएन प्रशिक्षण को लेकर भी सख्ती दिखाई। उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में प्रशिक्षण की बैच साइज पचास से अधिक नहीं होनी चाहिए और शिक्षकों को बेहतर माहौल देने के लिए आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाएँ। सीडीओ ने कहा कि चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को सुना जाएगा और तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उनका मानना है कि जब प्रशासन सीधे जनता के बीच संवाद स्थापित करता है तो भरोसा बढ़ता है और योजनाओं का असर भी दोगुना हो जाता है। शैक्षिक नवाचार पर बोलते हुए सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि सभी विद्यालयों में संदर्शिका का प्रयोग अनिवार्य रूप से किया जाए। उन्होंने अच्छे शैक्षिक मॉडल और कार्यप्रणालियों को लागू करने पर बल दिया और यह भी कहा कि मॉडल पीटीएम को उत्साह और रचनात्मकता के साथ आयोजित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही चिम्पल और संपर्क स्मार्ट टीवी जैसी तकनीकी सुविधाओं का उपयोग हर शिक्षक को प्रभावी ढंग से करना होगा, तभी बच्चों की सीखने की प्रक्रिया में वास्तविक बदलाव आ पाएगा। यूडीआईएसई डेटा की समीक्षा के दौरान सीडीओ ने निर्देशित किया कि सभी विद्यालय अपना डेटा समय पर और पूरी सटीकता से पूरा करें। उन्होंने कहा कि शिक्षा व्यवस्था की वास्तविक तस्वीर इसी डेटा से सामने आती है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक के समापन पर सीडीओ अभिनव गोपाल ने कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी आपसी तालमेल और समन्वय के साथ काम करें।

# अवैध संबंधों के त्रिकोणीय जाल में फँसकर गई थी युवक की जान

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने में गाजियाबाद पुलिस ने एक और मिसाल कायम की है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल की तेज नेतृत्व क्षमता और वैज्ञानिक जाँच पर आधारित कार्यशैली के चलते क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना प्रभारी सरिता सिंह की टीम ने एक बेहद पेचीदा ब्लाइंड मर्डर केस का राज खोल दिया। पुलिस ने मात्र कुछ दिनों में ही न सिर्फ हत्या की गुत्थी सुलझाई बल्कि वारदात में शामिल महिला और उसके मकान मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया। 6 अगस्त को चित्रावन सोसाइटी के पास एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई थी। शव की पहचान मेरठ जनपद के किठौर थाना क्षेत्र के नवलसूरजपुर निवासी रोहित के रूप में हुई। मामला बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण था क्योंकि हत्याकांड में सुराग बेहद कम थे। एसीपी प्रियाश्री पाल ने शुरूआत से ही टीम को स्पष्ट कर दिया कि हर कदम पर वैज्ञानिक और भौतिक तरीकों को प्राथमिकता दी जाए। उनकी दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी सरिता सिंह ने सर्विलांस, मोबाइल लोकेशन और सीसीटीवी फुटेज का गहराई से विश्लेषण किया। यही पुलिस की बड़ी सफलता साबित हुई और धीरे-धीरे केस की परतें खुलने लगीं। जाँच में सामने आया कि हत्या की मुख्य सूत्रधार महिला मूल रूप से अलीगढ़ निवासी है।

# मलेरिया का प्रकोप, मरीजों की संख्या बढ़ी

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। बरसात का मौसम आते ही जनपद में मच्छरों का प्रकोप बढे लगा है। जिले में मलेरिया के मरीजों का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है और पिछले वर्ष की तुलना में इस बार बीस फीसदी अधिक मरीज सामने आए हैं। हालांकि सरकारी प्रयासों की वजह से डेंगू के मामलों में गिरावट दर्ज की गई है, लेकिन मलेरिया का बढ़ता प्रकोप स्वास्थ्य विभाग के लिए नई चुनौती बन गया है। फिलहाल जिले में अब तक डेंगू के आईस और मलेरिया के चौंतीस मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े बताते हैं कि वर्ष 2023 में जनपद में सबसे अधिक बारह सौ इकसठ डेंगू और आईस मलेरिया मरीज दर्ज किए गए थे। वर्ष 2021 में डेंगू के बारह सौ अड़तीस और मलेरिया के इकतीस मरीज मिले थे, जबकि वर्ष 2024 में डेंगू के केवल एक सौ छियानबे और मलेरिया के सत्ताईस मरीज सामने आए थे। इस साल अब तक दर्ज आंकड़ों के अनुसार डेंगू में कमी आई है, लेकिन मलेरिया के मामले पिछले वर्षों की तुलना में तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू और मलेरिया दोनों ही मादा मच्छरों के काटने से फैलते हैं। डेंगू का एडीज मच्छर रुके हुए साफ पानी में पनपता है, जबकि मलेरिया का एनाफिलीज मच्छर गंदे पानी में अंडे देता है। इन दोनों बीमारियों में मरीज को तेज बुखार आता है और लापरवाही बरतने पर मौत का खतरा भी बढ़ सकता है। यही वजह है कि हर साल देशभर में करीब चालीस मिलियन लोग मच्छर जनित बीमारियों से प्रभावित होते हैं, जिनमें सबसे ज्यादा मामले डेंगू और मलेरिया के ही होते हैं। जले में स्वास्थ्य विभाग ने मच्छरों के लिहाज से कुल छियासठ से ज्यादा क्षेत्रों को संवेदनशील घोषित किया है। इनमें आदर्श कॉलोनी, अर्थला, दौलतपुरा, दीनदयालपुरी, राजनगर एक्सटेंशन, नंदग्राम, हिंडन विहार, कैला भट्टा, कोटगांव, वैशाली, प्रताप विहार, शालीमार गार्डन, इंदिरापुरम, वसुंधरा और विजयनगर जैसे शहरी क्षेत्र शामिल हैं। वहीं ग्रामीण इलाकों में मानकी, मेवला भट्टी, सिरौली, ननू गांव, ग्यासपुर और कठवाड़ी जैसे इलाके मच्छरों के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने गए हैं। बरसात के चलते जलभराव की समस्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिसकी वजह से मच्छरों के प्रजनन की आशंका और बढ़ जाती है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विभाग ने नगर निगम, पंचायत विभाग और अन्य एजेंसियों के साथ मिलकर व्यापक अभियान छेड़ दिया है। विभाग की ओर से पचहत्तर डोमेस्टिक ब्रीडिंग चेकर तैनात किए गए हैं, जो घर-घर जाकर मच्छरों के प्रजनन स्थलों की जांच कर रहे हैं और लोगों को सावधानी बरतने के लिए जागरूक कर रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि डेंगू और मलेरिया से बचाव का सबसे बड़ा उपाय स्वच्छता है। घर के आसपास पानी का जमाव बिल्कुल न होने दें। गमलों, टंकियों, कूलरों और छत पर जमा बरसाती पानी को तुरंत निकालें। पुराने टायर और कबाड़ में पानी न भरने दें। साथ ही पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें ताकि मच्छरों से बचाव हो सके। फिलहाल गाजियाबाद में मलेरिया मरीजों की बढ़ती संख्या स्वास्थ्य विभाग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। डेंगू पर आंशिक नियंत्रण जरूर हासिल किया गया है।

# हिंडन श्मशान घाट का होगा सौंदर्यकरण

वेलकम इंडिया

गाज़ियाबाद। सितंबर से शुरू होगा आधुनिक हरित शवदाह गृह कम धुआँ देने वाले 3 नए शवदाह संयंत्र तैयार 2 सीएनजी व 1 लकड़ी आधारित गोबर से बनी लकड़ी का होगा इस्तेमाल, कम होगी लकड़ी की खपत हर दाह संस्कार से बचेंगे लगभग 2 वृक्ष, राख भी निकलेगी बेहद कम नगर निगम का दावा पर्यावरण को मिलेगा बड़ा लाभ शिव की जटा से बहते जल से होगा शव का अंतिम स्नान बैठने की पर्याप्त व्यवस्था व सौंदर्यकरण का काम तेजी पर शंकर भगवान की विशाल प्रतिमा भी स्थापित गाज़ियाबाद नगर निगम की पहल पेड़ों और नदियों की सुरक्षा के साथ हिंदू रीति-रिवाजों के अनुरूप होगा अंतिम संस्कार।





# छात्रों को मिलेगा सौ प्रतिशत छात्रवृत्ति और ढाई करोड़ रुपये तक के पुरस्कार जीतने का अवसर

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। देशभर में प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था विद्यामंदिर क्लासेस (वीएमसी) ने अपने सबसे प्रतिष्ठित एवं बहुप्रतीक्षित परीक्षा विद्यामंदिर इंटेलेक्ट क्वेस्ट (वीआईक्यू) 2025 की घोषणा कर दी है। यह परीक्षा 28 सितम्बर, 5, 11, 12 और 26 अक्तूबर 2025 को विभिन्न चरणों में आयोजित होगी। परीक्षा में कक्षा पाँच से बारह तक के छात्र-छात्राएँ भाग ले सकते हैं। विशेष बात यह है कि इस बार पंजीकरण पूरी तरह निःशुल्क रहेगा, जिससे देश के किसी भी कोने का विद्यार्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठा सकता है। यह परीक्षा ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से आयोजित होगी। वीआईक्यू का उद्देश्य है छात्रों की क्षमता और संभावनाओं को परखना तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करना। यह परीक्षा न केवल विद्यार्थियों को अपने ज्ञान और कौशल का मूल्यांकन करने का अवसर देती है बल्कि उन्हें आगे बढे के लिए नए द्वार भी खोलती है। विद्यामंदिर क्लासेस के संस्थापक और प्रख्यात शिक्षाविद् संदीप मेहता (आईआईटी दिल्ली के पूर्व छात्र) ने कहा कि वीआईक्यू केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के लिए लॉन्चपैड है। उनके अनुसार, इस बार विजेताओं को ढाई करोड़ रुपये तक के नकद पुरस्कार और सौ प्रतिशत तक की छात्रवृत्ति दी जाएगी। साथ ही, जो छात्र समय रहते पंजीकरण कर लेंगे उन्हें अतिरिक्त लाभ भी मिलेंगे जैसे शैक्षणिक वर्ष की न्यूनतम फीस, वर्तमान कक्षा के लिए निःशुल्क कक्षाएँ, अध्ययन सामग्री, अभ्यास परीक्षाएँ, मॉक बोर्ड परीक्षा और सभी प्रतिभागियों को ई-प्रमाणपत्र। संस्था ने इस बार विशेष आकर्षण के रूप में शीर्ष प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए पदक, ट्रॉफी और प्रशस्ति पुरस्कार की भी व्यवस्था की है।

# सड़कों पर लौटेगा अनुशासन, एडीसीपी ट्रैफिक की सख़्ती से यातायात व्यवस्था पटरी पर

वेलकम इंडिया




गाजियाबाद। जनपद गाजियाबाद में यातायात व्यवस्था को पूरी तरह दुरुस्त करने की कमान जबसे एडीसीपी ट्रैफिक सचिदानंद बर्नवाल ने संभाली है, तबसे सड़क अनुशासन का एक नया अध्याय लिखा जा रहा है। पुलिस की कार्यशैली में बदलाव आमजन भी महसूस कर रहा है। सख़्ती और जन-जागरूकता के संतुलित मेल से ट्रैफिक पुलिस ने ऐसा संदेश दिया है कि नियमों की अनदेखी अब किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एडीसीपी सचिदानंद बर्नवाल की गिनती उन अफसरों में होती है जिनका नाम आते ही अपराधी सहम जाते हैं और जनता चैन की सांस लेती है। पूर्व में एडीसीपी क्राइम रहते हुए उन्होंने जिले में अपराधियों पर शिकंजा कसकर गाजियाबाद की कानून-व्यवस्था को नया आयाम दिया। अब ट्रैफिक विभाग की जिम्मेदारी संभालते ही उन्होंने यह साबित कर दिया है कि उनका मिशन केवल अपराधियों को सबक सिखाना ही नहीं, बल्कि शहर की सड़कों पर अनुशासन कायम करना भी है। हाल ही में ट्रैफिक पुलिस ने दस दिन का व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान जहां लोगों को यातायात नियमों का महत्व समझाया गया, वहीं नियम तोडे वालों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई भी की गई।

# अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर, 60 हजार वर्ग मीटर भूमि मुक्त

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। उपाध्यक्ष अतुल वत्स के स्पष्ट निर्देश पर गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध निमार्णों और अवैध कालोनियों पर बुलडोजर चलाया। यह अभियान प्रभारी प्रवर्तन जोन-5 के नेतृत्व में पिपलेहड़ा, शेखपुर खिचड़ा और आईएमईएस कॉलेज के पास चलाया गया। कार्रवाई के दौरान लगभग 60 हजार वर्ग मीटर क्षेत्रफल में फैले अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया गया। आईएमईएस कॉलेज के पास डासना क्षेत्र करीब 20,000 वर्ग मीटर में बनी नाली, सड़क पर इंटरलॉकिंग टाइल्स और अन्य निर्माण ध्वस्त किए गए। ग्राम पिपलेहड़ा और शेखपुर खिचड़ा, एनटीपीसी रोड, हापुड़ लगभग 20,000 वर्ग मीटर भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई सड़कें, नालियां और बिजली के खंभे तोड़े गए। मदरसा के सामने, ईदगाह रोड, ग्राम पिपलेहड़ा हापुड़ करीब 20,000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में मिट्टी भराव, कच्ची सड़कें और ऑफिस/अवैध कॉलोनी को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण के दौरान अवैध कालोनाइजरों और निर्माणकताओं ने जमकर विरोध किया। लेकिन जीडीए प्रवर्तन दस्ते और पुलिस बल की सख़्त मौजूदगी ने हालात काबू में रखते हुए कार्रवाई को सफल बनाया।

# लोनी में 5.20 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास



वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। लोनी क्षेत्र में सोमवार को विकास कार्यों की नई सौगात दी गई। लोनी नगर पालिका चेयरमैन रंजीता धामा ने वार्ड 32 और वार्ड 49 में करीब 5 करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। पालिका अध्यक्ष ने ब्रज विहार, राम विहार, कावेरी सिटी, गढ़ी शब्लू, अमन गार्डन और अशोक विहार कॉलोनी में इंटरलॉकिंग टाइल्स और आरसीसी नालियों के निर्माण का शिलान्यास किया। इससे क्षेत्र में जलभराव की समस्या दूर होगी और कॉलोनियों की सड़कों को मजबूती मिलेगी। चेयरमैन रंजीता धामा ने शिलान्यास समारोह में कहा कि वह क्षेत्र के लोगों की सेवा और विकास कार्यों को गति देने के लिए हमेशा तत्पर हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जाएंगे। इस मौके पर सभासद विजयपाल, मुमताज, नौशाद सैफी, श्रीपाल, सुभाष कसाना, अनुज प्रधान समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी और समर्थक मौजूद रहे। सभी ने मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों की शुरूआत पर प्रसन्नता व्यक्त की। पालिका द्वारा कराए जा रहे ये निर्माण कार्य लोनी नगर पालिका क्षेत्र को नई पहचान देंगे। कॉलोनियों की सड़कों और नालियों के दुरुस्त होने से न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि लोगों को मूलभूत सुविधाओं का भी बेहतर लाभ मिलेगा।

# नवागंतुक विद्यार्थियों को मिला शिक्षा, संस्कार और सफलता का मंत्र

वेलकम इंडिया



गाजियाबाद। एसडीजीआई ग्लोबल विश्वविद्यालय में मंगलवार को नए शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए नवागंतुक विद्यार्थियों के स्वागत स्वरूप 'दीक्षारंभ 2025 अभिमुखीकरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, पाठ्यक्रम, विभागीय गतिविधियों और भावी संभावनाओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 9:30 बजे छात्र-छात्राओं के पंजीकरण के साथ हुआ। औपचारिक उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना से किया गया। इसके पश्चात विश्वविद्यालय की उपलब्धियों, शैक्षणिक ढाँचे और सुविधाओं पर आधारित एक आकर्षक प्रस्तुति दिखाई गई, जिसने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के गौरवशाली इतिहास और भविष्य की योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर एसडीईएस के कुलाधिपति एवं अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में शिक्षा में अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान का संचार नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की प्रक्रिया है। उपाध्यक्ष श्री अखिल अग्रवाल ने छात्रों को समर्पण और लगन के साथ आगे बढ? की प्रेरणा दी। वहीं, सह-कुलाधिपति श्री नितिन अग्रवाल ने आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच को जीवन की सबसे बड़ी पूँजी बताते हुए विद्यार्थियों से भविष्य की चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने का आह्वान किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसांजीत कुमार ने अपने संबोधन में उद्योग और शिक्षा जगत के बीच की दूरी को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं बल्कि व्यावहारिक अनुभव भी अर्जित करना चाहिए, ताकि वे भविष्य की प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकें।

# धोखे में दो पत्नियों की बेरहमी से हत्या

वेलकम इंडिया

गाजियाबाद। दिल्ली से सटे एनसीआर का गाजियाबाद बीती रात खून से सराबोर हो उठा। महज कुछ घंटों के अंतराल में पति-पत्नी के विवाद ने खौफनाक मोड़ लेते हुए दो महिलाओं की हत्या कर दी। दोनों ही मामलों में पतियों पर पत्नियों की हत्या का आरोप है। सनसनीखेज घटनाओं ने जिले में दहशत और आक्रोश का माहौल खड़ा कर दिया है। मोदीनगर थाना क्षेत्र के गांव गदाना में रहने वाली स्वाति की शादी करीब चार साल पहले हुई थी। देर रात पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ और गुस्से में आकर पति ने धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर पत्नी की जान ले ली। महिला की चीखें सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन तब तक आरोपी पति फरार हो चुका था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। दूसरी वारदात लोनी के अंकुर विहार इलाके से सामने आई। यहां भी पति-पत्नी के बीच कहासुनी इतनी बढ़ी कि पति ने गुस्से में पत्नी पर धारदार हथियार से वार कर उसकी हत्या कर दी। पड़ोसियों ने शोर सुनकर पुलिस को सूचना दी। लेकिन इस मामले में भी आरोपी पति मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और लगातार दबिश दे रही है।

इन दोनों वारदातों ने गाजियाबाद में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पति-पत्नी के विवाद का इतना भयावह और खूनखराबे वाला रूप लेना समाज के लिए गंभीर चेतावनी है।